राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 75
लखनऊ, गुरुवार 31 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


शुभ दीपावली


दिव्यांगों के साथ एसपी ने मनाई दीपावली, दिए उपहार 04

पटाखों से बढ़ जाती हैं दीपावली की खुशियां : अरविंद गोप 08


### मुख्यमंत्री योगी ने रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा

# सनातन धर्म का विश्वास हैं दीपोत्सव के दीप

**अयोध्या के लिए अद्भुत अनुपम, अलौकिक व अद्वितीय है यह वर्ष**

समृद्धि न्यूज



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को दीपोत्सव 2024 के अंतर्गत रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित किया। इस दौरान उनके भाषण में लोकसभा चुनाव के दौरान अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी को मिली पराजय का दर्द भी छलका। मुख्यमंत्री ने भारी गले से जनता को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकार ने जो-जो कहा उसे पूरा किया, मगर एक बार फिर से अयोध्या की बारी है। मां सीता की अग्निपरीक्षा बार-बार नहीं होनी चाहिए, हमें इस अभिशाप से बाहर निकलना होगा।

सीएम योगी ने दीपोत्सव के पहले संस्करण को याद करते हुए कहा कि तब रामकथा मंडप छोटा था। उस वक्त यहां एक ही नारा लगता था कि योगी जी एक काम करो, मंदिर का निर्माण करो। तब मैंने उस समय कहा था कि विश्वास कीजिए, ये जो दीप आपके द्वारा जलाए जाएंगे वो केवल दीप नहीं सनातन धर्म का विश्वास हैं, प्रभुराम की कृपा अवश्य बरसेगी। योगी ने कहा कि हम सब आभारी हैं पीएम मोदी के, जिनके दूदर्शिता के करण 5 अगस्त 2020 के समय जब दुनिया कोरोना महामारी के सामने पस्त थी, तब भारत के प्रधानमंत्री अयोध्या धाम में आकर विरासत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए यहां आकर श्रीराम मंदिर के शिलान्यास का कार्यक्रम अपने कर कमलों से संपन्न किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये वर्ष अयोध्या के लिए अद्भुत, अनुपम, अलौकिक और अद्वितीय है। इस वर्ष 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में 500 साल का इंतजार समाप्त करके, एक बार फिर भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर विराजित होकर, ये संदेश देकर गये हैं कि कभी अपने पथ से विचलित न होइए, संघर्ष का मार्ग अपनाइए, सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह अवसर है हमारे पास उन सभी आत्माओं को स्मरण करने का, जिनका पूरा जीवन रामजन्म भूमि आंदोलन के लिए, प्रभुराम की कृपा का प्रसाद प्राप्त करने के लिए समर्पित था। उन सभी पूज्य संतों को नमन। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने इसी मंच से कहा था कि अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी बनाएंगे। आज यहां 31 हजार करोड़ की परियोजनाएं या तो पूरी हो चुकी हैं या प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सनातन धर्म, हमारी विरासत और विकास के लिए अयोध्या तो एक शुरुआत है। आज काशी, अयोध्या चमक रहीं हैं। यहां भव्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। अयोध्या का बदला हुआ स्वरूप दुनिया को आकर्षित कर रहा है। कोई सोचता था कि अयोध्या में धर्म पथ, राम पथ, जन्मभूमि पथ, भक्ति

### विकास व विरासत के बैरियर्स को वैसे ही हटाएंगे जैसे माफिया को हटाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों को काम नहीं करना वो पहले राम के अस्तित्सव पर सवाल उठाते थे, फिर रामभक्तों पर गोली चलाई, बाद में विकास कार्यों में रोड़ा बनते हुए कहने लगे कि हम किसानों का शोषण कर रहे हैं। फोर लेन सड़क बनवाया तो कहा व्यापारियों का शोषण कर रहे हैं, अगर फोर लेन न बनवाते तो क्या यहां लाखों श्रद्धालु आकर दर्शन पूजन कर पाते। ऐसे लोग विकास के बैरियर हैं। सीएम योगी ने कहा कि हम इन बैरियर्स को वैसे ही हटा रहे हैं, जैसे यूपी को माफिया मुक्त करके सुरक्षित प्रदेश बनाया गया है।

### संकल्प पूरा, रामलला अयोध्या में हुए विराजमान

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये समय है उन सभी हुतात्माओं के स्मरण का, जो साढ़े तीन लाख की संख्या में अपनी शहादत देकर के एक ही तमन्ना के साथ इस धराधाम से विदा हो गये कि चाहे जैसे भी हो, हमारे बलिदान के कीमत पर ही सही, लेकिन अयोध्या में राममंदिर का निर्माण होना चाहिए। उनका संकल्प पूरा हो चुका है। रामलला अयोध्या में फिर से विराजमान हो चुके हैं। उनके विराजमान होनेके के बाद ये दीपोत्सव का पहला अवसर है। सीएम योगी ने कहा कि इससे पहले हम सब केवल बोलते थे, मगर हमने जो कहा वो कर के दिखाया। जिस अयोध्या में 2017 से पहले बिजली नहीं मिलती थी, यहां के सड़कों, घाटों, मठ मंदिरों की स्थिति क्या थी हर कोई जानता है, 2017 से पहले जिन लोगों ने भगवान को उपेक्षित कर दिया था। भगवान के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया था। वे ऐसा करके सनातन धर्म और आपकी विरासत पर प्रश्नचिह्न खड़ा करते थे।

### 25,12,585 दीपों से जगमगाई प्रभु की नगरी

500 वर्ष बाद मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अपने महल में विराजमान होने के उपरांत अयोध्या ने दो नए रिकॉर्ड बनाए। नया कीर्तिमान बनाते हुए दीपोत्सव 2024 में 25,12,585 (25 लाख, 12 हजार 5 सौ पचासी) दीप प्रज्वलित किए गए। पिछले वर्ष 2023 में 22.23 लाख दीप प्रज्वलित किए गए थे। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जहां एक साथ 1121 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने पहली बार हासिल किया है। ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है। योगी की अयोध्या के प्रति प्रतिबद्धता ने एक बार फिर रामनगरी को वैश्विक रिकॉर्ड सूची में दर्ज कराया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस भव्य दीपोत्सव को देखा और अंतत: एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलन को विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया। दीप प्रज्वलन का नियत समय शुरू होते ही श्री राम जय राम जय जय राम के जयघोष के साथ एक-एक कर 25 लाख 12 हजार 585 दीप जलाए गए। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा के साथ ही पूरी अयोध्या जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी।

## पीएम मोदी ने गुजरात को दी 280 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात



एजेंसी

**एकता नगर (गुजरात)।** प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार शाम को नर्मदा जिले के केवडिया स्थित एकता नगर में करीब 280 करोड़ रुपये की ढांचागत और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। आज शाम को ही मोदी दो दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं।

इन विकास प्रकल्पों में एकता नगर में सब डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल, ट्रैफिक सर्कल्स, स्मार्ट बस स्टॉप, सीईएसएल-कार चार्जिंग पोर्ट, 4 मेगावाट क्षमता की सोलर परियोजना, इंटेंसिव केयर यूनिट ऑन व्हील्स का लोकार्पण शामिल है। नागरिकों को बुनियादी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के लिए 22 करोड़ रुपये के खर्च से 50 बेड की क्षमता वाले सब डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल का निर्माण किया गया है, जिसमें ट्रॉमा सेंटर, गायनेक ओटी, माइनर ओटी, ओटी रूम, सीटी स्कैन, आईसीयू, लेबर रूम, स्पेशल वॉर्ड, फिजियोथेरेपी वॉर्ड, सर्जन केबिन, मेडिकल स्टोर और 1 एंबुलेंस आदि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा 2 आईसीयू ऑन व्हील्स का भी लोकार्पण किया गया। एकता नगर में पर्यटकों की सुविधा के लिए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और पर्यटन नियमन प्राधिकरण, एकता नगर 10 स्मार्ट बस स्टॉप और 10 पिक-अप स्टैंड का निर्माण कर रहा है, जिसके फेज-1 का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त यातायात के सुव्यवस्थित प्रबंधन और शहर की सुंदरता बढ़ाने के उद्देश्य से 2.58 करोड़ रुपये के खर्च से एकता नगर तीन रास्ता (तिराहा), गरुड़ेश्वर चौक, चिल्ड्रन न्यूट्रीशन पार्क के सामने और सहकार भवन के पास ट्रैफिक सर्कल बनाए गए हैं। राहगीरों की सुरक्षा के लिए एकता नगर में 10 स्थानों पर पुश बटन पेडेस्ट्रियन क्रॉसिंग, रेवा भवन के पास कार चार्जिंग पॉइंट और राज्य आरक्षी पुलिस बल के लिए रनिंग ट्रैक का भी लोकार्पण किया गया।

### पीएम का आज का कार्यक्रम

31 अक्टूबर को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे और सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। मोदी एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे और एकता दिवस परेड देखेंगे, जिसमें 9 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश की पुलिस, 4 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, एनसीसी और एक मार्चिंग बैंड की 16 मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी। विशेष आकर्षणों में एनएसजी की हेल मार्च टुकड़ी, बीएसएफ और सीआरपीएफ के महिला और पुरुष बाइकर द्वारा साहसिक प्रदर्शन, बीएसएफ द्वारा भारतीय मार्शल आर्ट के संयोजन पर एक शो, स्कूली बच्चों द्वारा पाइप बैंड शो और भारतीय वायु सेना द्वारा 'सूर्य किरण' फ्लाईपास्ट आदि शामिल हैं।

## भारत-चीन बॉर्डर पर सैनिकों के हटने की प्रक्रिया पूरी

**नई दिल्ली।** भारत-चीन बॉर्डर पर देपसांग और डेमचोक में दोनों सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई। गुरुवार को दिवाली पर चीन और भारत के सैनिक एक-दूसरे को मिठाई खिलाएंगे। पेट्रोलिंग को लेकर जल्द ही ग्राउंड कमांडर के अधिकारियों के बीच बातचीत होगी। ग्राउंड कमांडर में ब्रिगेडियर और उससे नीचे के रैंक के अधिकारी होते हैं। भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 अक्टूबर को कहा था कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। ये तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। भारत-चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद पिछले दिनों एक समझौता हुआ है। दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी।

## वडोदरा में इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा एयरपोर्ट पर मंगलवार शाम इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी। इसके बाद वडोदरा एयरपोर्ट प्राधिकरण, पुलिस और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों ने सघन जांच-पड़ताल की। हालांकि जांच में किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने से सभी ने राहत की सांस ली। वडोदरा एयरपोर्ट प्राधिकरण के निदेशक प्रदीप डोबरिया ने बुधवार को बताया कि मंगलवार शाम इंडिगो की फ्लाइट संख्या-807 में बम होने की धमकी दी गयी थी। धमकी इंडिगो एयरलाइंस के ई-मेल पर दी गयी थी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियों को दी गयी। वडोदरा पुलिस समेत सुरक्षा एजेंसियों ने बम और डॉग स्क्वॉड के साथ जांच शुरू की। पुलिस और सीआईएसएफ टीम की सघन तलाशी में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सभी ने राहत की सांस ली।

### सूचना

सुधी पाठकों, वितरकों, विज्ञापनदाताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर दिनांक 31 अक्टूबर और 1 नवम्बर 2024 को कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 03 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

**प्रधान संपादक**







# दीपावली को लेकर बाजार सज-धज कर तैयार

## मिठाई, लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति व पूजा सामग्री की खरीददारी जोरो पर

**बाँकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

दीपावली मनाने के लिए बुधवार से ही बड़ी संख्या में लोगों ने पटाखे के साथ मिठाई, लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति के अलावा पूजा सामग्री खरीदी। दोपहर बाद से ही बाजारों में लोगों की भीड़ बढ़ गई थी। देर शाम तक बाजार में चहल-पहल बनी रही। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी न हो, ऐसा कैसे संभव है। लोगों के इसी शौक को देखते हुए पटाखा कारोबारी अबकी नए-नए वैरायटी के पटाखे लेकर आए हैं। हालांकि अबकी चाइनीज



पटाखे बाजार में नहीं दिख रहे हैं। पटाखा खरीदने के लिए दोपहर बाद से लोगों की भीड़ उमड़ी तो देर शाम तक लोग खरीदारी में लगे रहे। बच्चों के साथ पटाखे की दुकान में गए और उनकी पसंद का पटाखा खरीदा। इसी के साथ लोगों ने मिठाई, पूजन सामग्री आदि भी खरीदा। वहीं 50 रुपए से लेकर 500, रुपये तक की लक्ष्मी-गणेश की बिक रहीं हैं। मूर्तियां और मिट्टी के दीपकों से सजा बाजार इस दीपावली पर चाइनीज वस्तुओं के बहिष्कार का असर बाजारों में दिख रहा है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार मिट्टी के दीपकों का बाजार अधिक सजा हुआ है। कारीगर भी खुश हैं कि शायद इस बार की दीपावली पर दीपकों की बिक्री अधिक हो। वहीं मिट्टी से बने भगवान गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति के अलावा रंग-बिरंगे खिलौने अपनी भव्यता को बिखेर रहे रहे है।

# हैप्पी दिवाली कहकर कार्मिकों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान! जब मिठाई लेकर पहुंचीं डीएम

## जिलाधिकारी ने कार्मिकों को खिलाई मिठाई, दीं दीपावली की शुभकामनाएं

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल जब मिठाई लेकर कलेक्ट्रेट में कार्मिकों के बीच पहुंची और हैप्पी दिवाली कहकर कार्मिकों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट स्थित सभी दफ्तरों और कलेक्ट्रेट के सभी पटलों पर मौजूद अधिकारी, कर्मचारियों से भेंटकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं देकर मिठाई खिलाई।

डीएम ने कार्मिकों को दीपावली के पावन अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोशनी का यह उत्सव



हम सभी के जीवन में नया प्रकाश लेकर आए और हमारा जिला सदा सुख, समृद्धि और सौभाग्य से आलोकित रहे। इससे पहले डीएम कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पहुंचकर जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को न केवल सुना बल्कि फरियादियों को मिठाई खिलाकर उन्हें दीपावली के पर्व की शुभकामनाएं दीं। डीएम ने कहा कि दीपावली का प्रकाश कार्मिकों के जीवन और कार्यस्थल को खुशियों, समृद्धि और असीम संभावनाओं से भर दे! हम सिर्फ रोशनी के इस पर्व को ही नहीं, बल्कि टीमवर्क, विकास और सफलता की भावना को भी मनाते हैं। सभी को एक उज्ज्वल और खूबसूरत दिवाली की शुभकामनाएं!

### खाद्य विभाग ने 92 दुकानों से लिए 70 सैंपल

**वाराणसी।** वाराणसी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बुधवार को 92 खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर 47 छापामार कार्रवाई में कुल 70 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए हैं। इस दौरान मिलावट की आशंका में खोवा, मिठाई, चना दाल समेत 20 सामानों का सैंपल लिया गया। इनके नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर कार्रवाई की जाएगी। टीम ने चेतगंज, लहुराबीर, जलालीपुरा, मकबूल आलम रोड, महमूरगंज, रथयात्रा में किराना स्टोर और मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान 20 सैंपल लिया। पिछले चार दिनों से चल रहे अभियान के तहत अब तक 70 सैंपल लिए गए। इसे जांच के लिए भेजा गया है। वहीं सोमवार को सर्किट हाउस के पास 13 कुंतल सोनपापड़ी सीज की गई थी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित ने बताया कि हमारी 5 टीम शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी कर रही हैं।

# डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

## बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखीं खाने की गुणवत्ता

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत



सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। निरीक्षण के दौरान बंदियों को भोजन का वितरण किया जा रहा था। दोनों अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता चेक की और बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया।

डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील वर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भोजराज सिंह, चिकित्सक डॉ शिवपूजन, डॉ दीपांकर रावत मौजूद रहे।

# कोचिंग एसो. ने पत्रकारों को किया सम्मानित




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बुधवार को गोला कोचिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में शहर के सम्मानित पत्रकार बंधुओ का स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गिरि ÷मोंटी÷, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश मिश्रा मौजूद रहे। कार्यक्रम में शहर के 35 पत्रकारों बंधुओं को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गोला कोचिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ आदर्श दीक्षित, सचिव पटेल सुशील वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनीष शुक्ला, उपाध्यक्ष सुधीर यादव, प्रज्ञान पाण्डेय, संयुक्त मंत्री सोनू सिंह तोमर कोषाध्यक्ष शुभम कनौजिया, गोला टूरिज्म के निदेशक मिलिंद शुक्ला, विनायक श्रीवास्तव, रेस्टोरेंट के प्रबंधक राज वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आदर्श दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में नगर के सम्मानित पत्रकार, गुरुजन व संभ्रांत जन मौजूद रहे।

# दिवाली–छठ पूजा को लेकर ट्रेनों में जबरदस्त भीड़

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

दीपावली और छठ महापर्व पर घर जाने के लिए यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल,आज से सभी सरकारी और गैर सरकारी ऑफिस में अवकाश हो गया है जिसके बाद लोग सीधे रेवले स्टेशन और बस अड्डे पर पहुंच रहे हैं। इसकी वजह से भीड़ काफी अधिक बढ़ गई है। स्टेशन पर लोग अपने घर जाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। मुम्बई से आने वाली महानगरी एक्सप्रेस, कामायनी, एलटीटी-बनारस सुपरफास्ट, पवन, एलटीटी-गोरखपुर, दिल्ली से आने वाली शिवगंगा एक्सप्रेस, नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट, सद्भावना, फरक्का, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस समेत अहमदाबाद, सूरत आदि बड़े शहरों से आने वाली ट्रेनों से कैंट और बनारस स्टेशनों पर भारी संख्या में यात्री पहुंचे। बिहार जाने के लिए जनरल टिकट लेकर स्लीपर कोच में फर्श पर बैठे यात्री टीटीई से गुहार लगाते हुए दिखाई दे रहें। कैंट स्टेशन पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए यात्री



## अत्यधिक भीड़ के कारण स्लीपर की हालत जनरल-कोच जैसी

हाल में हेल्प डेस्क बनाई गई है। यात्रियों को ट्रेनों, रिटायरिंग रूम और जनरल, आरक्षण टिकट काउंटर की जानकारियां दी जा रही हैं। इसके अलावा जनरल टिकट के लिए लंबी लाइन लगाकर लोग खड़े दिखाई दे रहे हैं। कैंट स्टेशन पर भीड़ इतना की वेटिंग एरिया पूरी तरह से भरा हुआ है। वहां पर रखने तक की जगह नहीं दिखाई दे रही है। वाराणसी आने वाली ट्रेन काफी लेट पहुंच रही है बहुत से ट्रेन 10 से 12 घंटे लेट चल रही है। जिसकी वजह से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आईआरसीटीसी के मुताबिक 12 से अधिक ट्रेन जो वाराणसी आने वाली है या फिर वाराणसी से जाने वाली है वह लेट चल रही है। इसमें काशी एक्सप्रेस जो 2 घंटा लेट चल रही है। वही बरेली-प्रयागराज 6 घंटे विलंब से चल रही है। दानापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन 4 घंटे लेट चल रही है। भागलपुर स्पेशल ट्रेन पूरे 10 घंटे विलंब से चल रही है। ऐसे ही दर्जनों ट्रेन है जो अपने निर्धारित समय से विलंब चल रही है। वाराणसी स्टेशन से बिहार और झारखंड जाने वाले यात्रियों की संख्या सबसे अधिक है। जिसके लिए यात्री ट्रेन और बस का सहारा ले रहे हैं। स्टेशन पर भीड़ को देखते हुए जीआरपी के जवान भी पूरा मुस्तैद दिखाई दे रहे हैं। वहीं यात्रियों को कोई समस्या न हो इसके लिए जगह-जगह पर पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है और सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।

# डॉक्टर से 27.5 लाख की साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

ईएसआईसी हॉस्पिटल वाराणसी में कार्यरत डॉ रीना रंजना के साथ की गई 27.50 लाख की साइबर ठगी का वाराणसी साइबर क्राइम पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस मुकदमें में संलिप्त इंटरस्टेट साइबर अपराधी पटना के रहने वाले राजकुमार को गिरफ्तार कर लिया।

डॉ रीना रंजना से इन्वेस्टमेंट में त्वरित फायदे की बात कर उन्हें झांसे में लेकर उनसे खाते में ऑनलाइन के माध्यम से 27.50 लाख रुपए ट्रांसफर कराए थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए अभियुक्त के ऊपर पटना में एक मुकदमा दर्ज है। इसके अलावा दिल्ली और हरियाणा में भी मुकदमा दर्ज होने की बात सामने आ रही है। जिसकी जानकारी की जा रही है। इस संबंध में निरीक्षक अनीता सिंह ने बताया- 13



## वाराणसी साइबर क्राइम पुलिस ने घटना का किया खुलासा

मार्च 2024 को साइबर थाने पर ईएसआईसी अस्पताल में रंजन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि- वेल्स इन्वेस्टमेंट वेबसाइट पर इन्वेस्टमेंट पर है रिटर्न का झांसा देकर उससे कुल 27 लाख 50 हजार रुपए साइबर अपराधियों ने फ्राड कर लिए। इसपर मुकदमा दर्ज कर आईपीसी 420 और 66 (डी) आईटी एक्ट में विवेचना की जा रही थी। इस विवेचना में इलेक्ट्रानिक सर्विलांस, डिजिटल फूटप्रिंट व जमीनी सर्विलांस से अपराधी की तलाश शुरू की गई। निरीक्षक अनीता सिंह ने बताया इस विवेचना में डिजिटल फुटप्रिंट के जरिये पता चला कि मुकदमें में प्रकाश में आये बैन खाते का इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल करके साइबर अपराध से कमाए गए पैसे को यूएसडीटी क्रप्टो के माध्यम से सेटल किया गया है। इसमें पटना के नादघाट, गौरीचक निवासी राजकुमार का हाथ है। इसपर उसकी गिरफ्तारी पटना से की गई है। पूछताछ में अपराधी ने बताया हम लोग साइबर अपराधियों के साथ मिलकर फर्जी शेयर मार्केट की वेवसाइट पर इन्वेस्टमेंट कराने तथा तत्काल हाई रिटर्न देने के नाम पर फ्राड करते हैं। हम लोग भोले भाले लोगों को लोन का झांसा देकर उसका खाता बैंक कर्मियों को अपने तरीके के बात बताकर खुलवाते हैं।

### वाराणसी में जुटेंगे उत्तर और दक्षिण के 20 हजार संत

**वाराणसी।** वाराणसी में श्री विशाखा शारदा पीठम की तरफसे तीन दिवसीय आध्यात्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। आध्यात्मिक समागम का मुख्य उद्देश्य दक्षिण और उत्तर को एकजुट करते हुए दक्षिण उत्तर की संस्कृति के साथ वहां के संत और विद्वानों को एक ही स्थान पर एक साथ लाना है। तीन दिवसीय आयोजन में लगभग 20 हजार से ज्यादा संत विद्वान शामिल होंगे। विशाखा श्री शारदा पीठम के उत्तराधिकारी स्वामी स्वात्मानेन्द्र सरस्वती की तरफ से बताया गया कि इस पीठ की स्थापना श्री आदि शंकराचार्य की शिक्षाओं को फैलाने के उद्देश्य से की गई थी। वर्तमान में इस पीठ के पीठाधीश्वर स्वरूपानंदेन्द्र सरस्वती जी हैं। वाराणसी में दक्षिण

#### महारुद्र और शतचंडी यज्ञ का होगा आयोजन

भारत की इस पीठ की तरफसे 3 से 5 नवंबर तक शिवाला स्थित चेत सिंह किला परिसर में महारुद्र और शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में पहले दिन 5000 और अंतिम दो दिनों तक लगभग 20 हजार से ज्यादा लोगों के आने की संभावना है। आंध्र आश्रम के मैनेजर बीवी सुंदर शास्त्री ने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत रविवार से होगी। आयोजन को तीन दिनों तक अलग–अलग रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। सनातन कुंज समागम में स्नान विश्वनाथ मानस दीक्षा धारण और यज्ञ के संकल्प के साथ महारुद्र सहित शतचंडी यज्ञ नक्षत्र आदि सहित नवग्रह होम, चारों वेदों का जाप पारायण, संपूर्ण कृष्ण यजुर्वेद हवन, श्रीमद् सुंदरकांड का पाठ और अन्य कई अनुष्ठान भी होंगे। वर्ली कल्याण महोत्सव एवं गंगा में दीपदान के कार्यक्रम के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन काशी विद्वत सभा सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन अलग–अलग रूप में होगा।

# देव दीपावली के दिन गंगा में नहीं चलेंगी छोटी नावें

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

वाराणसी में देव दीपावली को भव्य रूप देने के लिए जिला प्रशासन तैयारियों में लग गया है। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर गंगा में नौका संचालन को लेकर प्रशासन ने रुपरेखा तैयार कर ली है। गंगा में छोटी व चप्पू वाली नौकाएं नहीं चलेंगी। जल पुलिस की ओर से छोटी नौकाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सिर्फ मोटर बोट वाली नौकाएं चलेंगी। गंगा में लोगों की सुरक्षा के लिए एनडीआरएफ के अलावा पीएसी, एसडीआरएफ और जल पुलिस के जवान 55 नावों पर तैनात रहेंगे। दशाश्वमेध, अस्सी, केदार और नमो घाट पर आठ वाटर एंबुलेंस तैनात रहेंगी।

## जल पुलिस तैयारियों में लगी

देव दीपावली पर इस बार 15 लाख से अधिक पर्यटकों के आने की संभावना है। जल पुलिस ने देव दीपावली पर पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली है। गंगा क्षेत्र को चार सेक्टर और आठ सब सेक्टर में बांटा गया है। नियमानुसार तरीके से ही नौकाओं का संचालन किया जाएगा। गंगा में दो लेन में नौका संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रयागराज से जेटी की मांग की गई है। इसकी मदद से गंगा में करीब सात किलोमीटर लंबे बहाव क्षेत्र में मार्कर लगाए जाएंगे। इसमें दशाश्वमेध की ओर से अस्सी की ओर जाने वाली नावों को घाट के किनारे से जाएंगी। वहीं वापसी रेती की साइड से होगी। देव दीपावली के लिए अभी से नाव और बजड़ों की बुकिंग लगभग 90: फुल हो चुकी है। बड़े आकार के बजड़ों की बुकिंग लाख रुपए में हो रही है। पर्यटकों की बुकिंग का आलम यह है कि छोटी नावों की बुकिंग अच्छे खासे रेट पर हो रही है। इस बार धूमधाम और उत्साह के साथ देव दीपावली मनाई जाएगी। पर्यटन विभाग देव दीपावली समितियों के साथ मिलकर इसकी तैयारी कर रहा है। तैयारियों को लेकर हर किसी में इस बार खासा उत्साह है। टूर ऑपरेटर प्रवीण मेहता के मुताबिक वाहनों की कमी को पूरा करने के लिए चंदौली, गाजीपुर, मिर्जापुर के टूर ऑपरेटरों से वाहनों मंगाया गया है। देव दीपावली पर ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए छोटे चार पहिया की मांग अधिक है।

# जिला कारागार पहुंचे अजय राय, जेल में बंद रोशनी के पति से मिले

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज़।**

जेल में बंद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और रोशनी कुशल जायसवाल के पति से मिलने बुधवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जिला कारगर पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों संग पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष के साथ महानगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष को ही अंदर जाने की अनुमति मिली। जेल से करीब 45 मिनट बाद बाहर निकले प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा हमारे कार्यकर्ताओं को अंदर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें ठीक से खाना भी नहीं मिल रहा। बच्चे रो रहे हैं। वहीं उन्होंने रोशनी और आईआईटी बीएचयू के मामले का जिक्र करते हुए भाजपा पर बलात्कारियों की पार्टी




होने का आरोप लगाया और इस कृत्य की निंदा की। वहीं आम मुलाकातियों की तरह जेल में हाथ पर मुहर लगने से भी प्रदेश अध्यक्ष नाराज दिखे। रोशनी के पति कुशल जायसवाल, भाई कुणाल अरोड़ा और 3 कांग्रेस कार्यकर्ता 44 दिन से जेल में बंद हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे और जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल बुधवार की सुबह 11 बजे के बाद तय कार्यक्रम के अनुसार जिला कारागार पहुंचे। चौकाघाट जिला जेल पहुंचे कांग्रेस नेताओं को गेट पर ही रोक दिया गया और सिर्फ तीन लोगों को अंदर जाने की अनुमति मिली। प्रदेश अध्यक्ष के साथ जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष अंदर गए और रोशनी के पति और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया।

अजय राय ने कहा अंदर काफी दिक्कतें हैं। हमें भी अंदर जाने में दिक्कतें हुईं। हमारे हाथ पर आम आदमियों की तरह जेल की मुहर लगाई गई। जबकि पांच बार का विधायक, मंत्री और इस समय प्रदेश अध्यक्ष हूं। हम आम तरीके से अंदर गए और अपने कार्यकर्ताओं से मिले। अंदर हमारे कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित और परेशान किया जा रहा है। सब काफी परेशान हैं। उन्होंने कहा- सरकार के दबाव में उन्हें जेल में रखा गया है। बच्चों ने अंदर रोते हुए बताया की खानपान की भी कोई उत्तम व्यवस्था नहीं है।

# हॉस्पिटल में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा

**आगरा, समृद्धि न्यूज़।**

आगरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हॉस्पिटल में जमकर हंगामा किया। स्टाफके साथ मारपीट की। दोनों ओर से कुर्सियां और गमले फेंके गए। 7 लोग घायल हो गए। हॉस्पिटल संचालक को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने न्यू आगरा थाने में करीब तीन घंटे तक हंगामा किया। घटना रामदेव अस्पताल की है।

दयालबाग निवासी भाजपा कार्यकर्ता विशाल शर्मा की पत्नी प्रीति के ऑपरेशन से बच्चा हुआ था। बच्चे की मौत हो गई, पत्नी का इलाज रामदेव हॉस्पिटल में चल रहा है। मंगलवार दोपहर विशाल शर्मा ने टॉयलेट में गंदगी की शिकायत की। विशाल शर्मा का आरोप है कि टॉयलेट की सफाई के लिए उनसे रुपए मांगे गए। वे हॉस्पिटल में गंदगी का

## नवजात बच्चे की मौत के बाद हॉस्पिटल संचालन की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आंदोलित हुए कार्यकर्ता

वीडियो बनाने लगे तो मैनेजर संदेश से उनकी हॉटटॉक हो गई। हॉस्पिटल प्रबंधन का आरोप है कि शाम 7 बजे हॉस्पिटल में 8-10 लोग आए और सुपरवाइजर राजकुमार के साथ मारपीट करने लगे। यह देख स्टाफ के अन्य लोग भी पहुंच गए। इसके बाद स्टाफ और तीमारदारों के बीच जमकर मारपीट हुई। वहीं, विशाल शर्मा पक्ष हॉस्पिटल कर्मचारियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है। मारपीट का वीडियो सामने आया है। इसमें दोनों पक्ष के लोग मारपीट करते दिख रहे हैं। हॉस्पिटल में रखे गमले और कुर्सियां उठाकर एक-दूसरे पर फेंक रहे हैं। अस्पताल में मौजूद अन्य लोग डर कर वहां से भाग गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पार्षद न्यू आगरा थाने पहुंचे। उनका आरोप है कि वहां पर सब इंस्पेक्टर ने उनसे अभद्रता की। इससे नाराज भाजपा कार्यकर्ता थाने में धरने पर बैठ गए। हॉस्पिटल संचालक की गिरफ्तारी और सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने की मांग को लेकर अड़ गए। तीन घंटे तक हंगामा चला। विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल भी थाने पहुंचे। एसीपी और विधायक ने जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। डीसीपी सिटी सूरज राय का कहना है कि दोनों पक्षों से तहरीर ली गई है। सीसीटीवी और अन्य सबूत की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। मारपीट में रामदेव अस्पताल के सुपरवाइजर राजकुमार, सफाईकर्मी कुमकुम, अशफाक, सुरक्षा गार्ड और एक कर्मचारी विनोद को चोट आई है।

# पति-पत्नी की हाईवे पर गोली मारकर हत्या, कार के अंदर मिले दोनों शव

**आगरा।** आगरा के पति-पत्नी की राजस्थान में हत्या कर दी गई। करौली जिले में कार के अंदर विकास और दीक्षा की बॉडी मिली। दोनों कैला देवी के दर्शन करने जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, उन्हें बदमाशों ने गोली मारी है। मर्डर लूट के इरादे से हुआ या रंजिशन, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस को ड्राइविंग सीट पर पति विकास और पिछली सीट पर पत्नी दीक्षा की लाश मिली। दोनों के शरीर में गोली मारी गई है। कार में कोई तोड़-फोड़ नहीं हुई और रोड पर साइड में खड़ी मिली। राजस्थान पुलिस ने यूपी पुलिस से पति-पत्नी के बारे में जानकारी जुटाने को कहा है। वहीं, विकास और दीक्षा का परिवार राजस्थान पहुंच चुका है। मामला मासलपुर इलाके के भोजपुर का है।

राजस्थान पुलिस के मुताबिक, जिस दंपती की कार में बॉडी मिली, वे आगरा के सांथा किरावली के रहने वाले थे। बुधवार सुबह 9 बजे गांव के लोगों ने कार में 2 बॉडी देखकर सूचना दी। हमने कार की तलाशी ली। उसमें से जो आईडी कार्ड मिले, उसी से मृतकों की पहचान हुई। दोनों की लाश मॉर्च्युरी में रखवा दी गई हैं। राजस्थान पुलिस ने बताया, कार में बुलेट के खोखे मिले, जिनको फोरेंसिक टीम ने कब्जे में ले लिया है। दोनों के शरीर पर गोली लगने के घाव हैं। वारदात की सूचना पर करौली एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए हैं। कार को जब्त कर लिया गया है। विकास और साक्षी के मर्डर की जानकारी मिलते ही परिवार आगरा से किरौली (राजस्थान) पहुंच गया।

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **25.11.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 11802024 दिनाक 30.10.2024 | |
| कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय–लखनऊ के अधीन क्षेत्र में सहायक मंडल इंजीनियर बनारस के तहत सबसे लंबे समय तक रुकने वाली ट्रेनों को समायोजित करने के लिए केईआई स्टेशन पर प्लेटफॉर्म–1 और प्लेटफॉर्म–2/3 का बिस्तार का कार्य। 2. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय–लखनऊ के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर बनारस वाराणसी के तहत एईएन कॉलोनी और लोको कॉलोनी में पुराने, पुराने, जीर्ण–शीर्ण स्टील ओवरहेड वॉटर टैंक के बदले में दो आरसीसी ओवरहेड वॉटर टैंक (प्रत्येक 2,25,000 लीटर) के साथ–साथ सहायक कार्य (बोर और पंप के साथ प्लंबिंग पाइप और पंप हाउस आदि) का प्रावधान का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | 1. ₹9,99,34,166.2 | 2. ₹1,84,69,596.17 |
| धरोहर राशि | 1. ₹6,49,700/- | 2. ₹2,42,400/- |
| कार्य समापन की अवधि | 1. स्वीकृत पत्र की तिथि से 12 माह 2. स्वीकृत पत्र की तिथि से 09 माह | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 11.11.2024 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 25.11.2024 को 15:00 बजे | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 3386/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मण्डलायुक्त की पत्नी ने वृद्धजनों संग मनाई दीपावली

▸ वृद्धाश्रम पहुंचकर बांटी खुशियां, बुजुर्गों को खिलाई मिठाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

पूरे देश में इस वक्त खुशी की लहर छाई है। इसी के चलते दिवाली के शुभ अवसर पर गोण्डा में मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की धर्मपत्नी गरिमा भूषण दीपावली का त्योहार मनाने के लिए वृद्धा आश्रम पहुंची। दिवाली के दिन न्याय मिशन सेवा समिति गोण्डा द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में जाकर उन्होंने वृद्धजनों के साथ काफी समय व्यतीत किया। उन्होंने आश्रम में वृद्धों के साथ दीपावली का पावन त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया।




अपनों द्वारा बेगाने किए गए वृद्धजनों को वृद्धा आश्रम पहुंच कर उनके साथ दीवाली की खुशियां बांटी। सभी वृद्धजनों ने इस अवसर पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें धन्यवाद व्यक्त करते हुए अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने सप्रेम मिठाइयां, ड्राई फ्रूट, फल इत्यादि का वितरण कर वृद्धजनों के साथ दिवाली की खुशियों को मना कर वृद्धजनों के साथ खुशियों को बांटा। वृद्धाश्रम में वृद्ध जनों के साथ खुशियां बांटने और उपहार बांटने को लेकर वृद्ध जनों में काफी उत्साह दिखा। वृद्धाश्रम की सभी वृद्धजनों द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी ने मिलकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया है।

### बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलना हर्ष की बात : गरिमा भूषण

इस दौरान आयुक्त की धर्मपत्नी ने कहा कि त्यौहार के अवसर पर बुजुर्गों का आशीर्वाद काफी महत्वपूर्ण होता है। दीपावली जैसे शुभ अवसर पर बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलना हर्ष की बात है। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वृद्धाश्रम आकर वृद्धजनों के साथ समय बिताने में हमेशा सुकून मिलता है।

## गोंडा तहसील न्यायालय के लिपिक निलंबित

▸ रिश्वत मांगने के आरोप में हुई कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

गोंडा तहसील न्यायालय में कार्यरत न्यायिक लिपिक श्री सुरेन्द्र कुमार को रिश्वत मांगने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एक वायरल वीडियो में सुरेन्द्र कुमार के होने का आरोप लगा है। वीडियो में अदालत की पत्रावली के निस्तारण हेतु पीठासीन अधिकारी के लिए रिश्वत मांगे जाने का फुटेज है। इस घटना के सामने आने के बाद प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। निलंबन की अवधि में सुरेन्द्र कुमार को वित्तीय हस्तपुस्तिका के प्रावधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता अर्द्ध औसत वेतन पर या अर्द्ध वेतन पर दिया जाएगा। इसके अलावा, महंगाई भत्ता और अन्य प्रतिकर भत्ते भी उन्हें प्राप्त होंगे, बशर्ते वे उन मदों में वास्तविक व्यय कर रहे हों जिनके लिए ये भत्ते अनुमन्य हैं। ये प्रावधान सुनिश्चित करते हैं कि निलंबन के दौरान उन्हें न्यूनतम आर्थिक सहायता प्राप्त हो, लेकिन अन्य सुविधाओं पर प्रतिबंध रहेगा। निलंबन काल में सुरेन्द्र कुमार को इस बात का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे किसी अन्य सेवा, योजना, व्यापार, वृत्ति, या व्यवसाय में संलग्न नहीं हैं। यह कदम सुनिश्चित करता है कि निलंबन के दौरान वे केवल उन्हीं मदों में भुगतान प्राप्त करेंगे जिनकी अनुमति प्रशासन ने दी है। अपर उप जिलाधिकारी प्रथम गोण्डा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें यह निर्देश दिए गए हैं कि वे शीघ्रता से आरोप पत्र का गठन करें और उसे अनुमोदन हेतु उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत करें।

## मत्स्य पोषण आहार प्रबंधन विषयक प्रशिक्षण संपन्न

▸ उचित पोषण प्रबंधन से मत्स्य की अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है

**मनकापुर गोंडा**

**मनकापुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

मनकापुर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मत्स्य पोषण आहार प्रबंधन विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण केंद्र पर संपन्न हुआ। डॉ. एस के वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र ने मत्स्य पालन में पोषण आहार प्रबंधन को जरूरी बताया।

उन्होंने बताया कि उचित पोषण प्रबंधन से मत्स्य की अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. ज्ञानदीप गुप्ता ने बताया कि मिश्रित मत्स्य पालन में मछलियों के खानपान का उचित प्रबंध करके अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है।




पोषण आहार प्रबंधन में खनिज लवण का प्रयोग किया जाता है। खनिज लवण के प्रयोग से मछलियों में पोषक तत्वों की पूर्ति की जाती है। इससे उनके स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। पोषक तत्वों की कमी से मछलियों में बीमारी हो जाती है जिससे उनकी पैदावार कम प्राप्त होती है।

डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान, डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा, डॉ मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक आदि ने कृषकों को खेती की तकनीकी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषकों प्रवीण कुमार सिंह, मोहर्रम अली, सचिन कुमार राजेश सिंह आदि ने मत्स्य पालन विषयक तकनीकी जानकारी प्राप्त की। प्रतिभागी कृषकों को खनिज लवण निशुल्क प्रदान किया गया।

## वन विभाग व पुलिस की मिलीभगत से बिना परमिट काटे जा रहे रहे पेड़

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारियों व स्थानीय पुलिस प्रशासन के मिलीभगत से ग्राम पंचायत भैरमपुर में बिना परमिट के हरा आम व गूलर के पेड़ की कटान तेजी से हो रही है। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने ट्विटर के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से लेकर जनपद के उच्चाधिकारियों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के मुताबिक कौड़िया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैरमपुर में ठेकेदार द्वारा बिना परमिट के हरा आम व गूलर के पेड़ों की कटान जोरों से कराई जा रही है। इसकी शिकायत अनिल कुमार, विनोद कुमार सहित कई लोगों ने सोशल मीडिया ट्विटर के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से लेकर जिले के उच्चाधिकारियों से करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी दुर्गेश मिश्र ने बताया कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी।

## खजुरिया हत्याकांड | समय से हो जाती कार्रवाई, तो न जाती युवक की जान

▸ जमीनी रंजिश को लेकर दो युवकों पर चाकुओं से हुआ था हमला

▸ एक युवक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**कर्नलगंज,/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया में मंगलवार की सुबह पुरानी व जमीनी रंजिश को लेकर दो युवकों पर चाकुओं से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया गया। जिसमें 26 वर्षीय मंशाराम अवस्थी की मौत हो गई जबकि 28 वर्षीय बब्लू अवस्थी की हालत चिंताजनक बताई जा रही है, जिसे इलाज हेतु पहले जिला अस्पताल भेजा गया था लेकिन स्थिति बिगड़ते देख डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज हेतु लखनऊ मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु गोण्डा भेजा है। पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

### मामले के निस्तारण में हुई लापरवाही, चली गई एक युवक की जान

स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक खजुरिया के निदानपुरवा में भूमि विवाद रूप नारायन अवस्थी तथा ब्रह्मादीन कुरील के बीच लम्बे समय से चल रहा था। शिकायतें भी की जा रही थीं, फिर भी मामले में लापरवाही और अनदेखी के चलते समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। अभी रविवार को आरोपी पक्ष द्वारा मृतक पक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। यदि समय से कोई ठोस कार्यवाही हो जाती और मामला निपट जाता तो शायद इतनी बड़ी घटना से बचा जा सकता था।

### एएसपी ने मौके पर पहुंच कर लिया जायजा, दिए निर्देश

कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के खजुरिया गांव में हुई घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय, क्षेत्राधिकारी डॉक्टर उमेश्वर प्रभात सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने गांव पहुंचकर बारीकी से पूंछतांछ की तथा मौके का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। मामले में प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया गया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मुकदमे में नामजद ब्रह्मादीन, मुन्ना, सुरेश, मुकेश, बाबादीन, लक्ष्मी व सुंदरपति समेत सात आरोपियों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की जा रही है।

### मृतक की मां ने लगाए पुलिस पर गंभीर आरोप

मृतक की मां राधा देवी का कहना है कि ब्रह्मादीन उनके बाग में जबरदस्ती रास्ता मांग रहे थे। पुलिस ने उनके बेटे पर रविवार को फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी पहले भी कई मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। लगातार उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा था, लेकिन पुलिस प्रशासन उनकी बातों को नहीं सुन रहा था। वहीं एक नया मामला और सामने आया है। मृतक मंशाराम के बड़े भाई वीरेंद्र अवस्थी की अभी बीते दो महीने पहले तालाब में डूबकर मौत हो चुकी है। परिजन उसमें भी हत्या की आशंका जता रहे हैं।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बनाई मानव श्रृंखला



▸ श्रद्धा सुमन अर्पित कर रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर माँ यशोदा पब्लिक स्कूल तुर्काडीहा के बच्चों ने बाजार में सड़क के दोनों किनारों पर मानव श्रृंखला बनाकर रन फॉर यूनिटी में क्षेत्र के लोगों ने एक साथ मिलकर दौड़ लगाई।

तदोपरान्त सरदार पटेल जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया,वहीं माँ यशोदा पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने दीपोत्सव के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता में भी भाग लिया। साथ ही सभी छात्र एवं छात्राओं को वोकल फॉर लोकल के बारे में बताकर दीपोत्सव में मिट्टी के दिए के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया और अपने देश में बनी उत्पादों के उपयोग पर विशेष चर्चा कर उन्हें दीपावली किया और शुभकामनाए दी गई। जहाँ विद्यालय के संरक्षक श्री शत्रुध्न सिंह, प्रधानाचार्य स्वतंत्र सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष वज़ीरगंज सत्यदेव मिश्रा महामंत्री दुष्यंत गोस्वामी, अजीत पाण्डेय, बलकरण जी, सचिन श्रीवास्तव, राजनाथ सिंह, मनोज तिवारी एवं विद्यालय के स्टाफ आशीष सिंह, सुनील सिंह, अमित शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

### कोषागार को जीवित प्रमाण पत्र आनलाइन प्रेषित कर सकते हैं पेंशनर्स

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि जनपदीय कोषागार कार्यालय बहराइच से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर्स जिनके द्वारा माह नवम्बर 2024 में जीवित प्रमाण पत्र जमा किया जाना है। ऐसे पेंशनर्स अपनी सुविधानुसार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र/साइबर कैफे/डाकघर इत्यादि में जाकर जीवन प्रमाण वेबसाइट जीवनप्रमाण डाट जीओवी डाट इन पर डिजिटल लाईफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) जनरेट कर कोषागार कार्यालय को आनलाइन प्रेषित कर सकते है। इस प्रक्रिया में पेंशनर्स को हार्डकापी भरकर कोषागार में देने और न ही कोषागार में आने की आवश्यकता रहेगी।

# डबल डेकर व रोडवेज बस में टक्कर, एक दर्जन यात्री घायल

▸ लखनऊ बहराइच मार्ग पर हुआ हादसा, दो किलोमीटर लगा लंबा जाम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ बहराइच मार्ग स्थित घाघरा घाट पुल पर बुधवार देर शाम को गोंडा से लखनऊ की तरफ जा रही डबल डेकर प्राइवेट बस और लखनऊ से बहराइच जा रही रोडवेज बस में टक्कर हो गई। जिसमें एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के चलते दो किलोमीटर तक लम्बा जाम लग गया है।गोंडा से डबल डेकर प्राइवेट बस संख्या यूपी 43 एपी 1491 बुधवार को पानीपत के लिए रवाना हुई। बस में 70 यात्री सवार थे। प्राइवेट बस संख्या जरवल रोड थाना क्षेत्र के घाघराघाट पुल पर पहुंची। उसी दौरान शाम 5.30 बजे के आसपास लखनऊ से बहराइच आ रही रोडवेज बस संख्या यूपी 33 एटी 5449 की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे के बाद अफरा तफरी मच गई। सूचना पाकर जरवल रोड थानाध्यक्ष बृज प्रसाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद पहुंचाया। लगभग एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए हैं। दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे के बाद लखनऊ बहराइच और गोंडा मार्ग पर जाम लग गया है। दो किलोमीटर लगे लंबे जाम में छोटे और बड़े वाहन फंस गए हैं। पुलिस जाम हटवाने में लगी है।



# घर के बाहर सो रहे युवक की पीट-पीटकर हत्या

▸ पुलिस ने केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के गुदुवापुर गांव निवासी एक ग्रामीण की रिश्ते के भाई और उसके परिवार के लोगों ने पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित परिवार के लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गुदुवापुर निवासी कृपाराम (58) मंगलवार रात को सो रहे थे।

रात 11 बजे के आसपास रिश्ते के भाई लवकुश पुत्र राम समुझ और अन्य लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने कृपाराम को गाली देना शुरू कर दिया। इसका कृपाराम ने विरोध किया तो पिटाई शुरू कर दी। बचाने दौड़े बेटे, बेटी और पत्नी को भी पीटा।



पुत्र लवकुश ने बताया कि सभी ने ईंट से पिता पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरैयाटांड़ ले जाया गया। यहां ग्रामीण की मौत हो गई। इस पर परिवार के लोग रोने लगे। पुत्र ने बताया कि हम लोग पीटे गए। इसके बाद भी विपक्षी की ओर से किसी अधिकारी का फोन आया तो राणा सिपाही और थानाध्यक्ष ने उल्टे हम सभी को परेशान करने लगे। इस मामले में थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पहले मारपीट और फिर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस पर फर्जी आरोप लगाया जा रहा है।

## परशुराम चौक पर दीपोत्सव नहीं मनाएगा राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ

▸ रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड को लेकर महासंघ में है नाराजगी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के डीएम चौराहा स्थित भगवान परशुराम चौक पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ इस बार दीपोत्सव कार्यक्रम नहीं मनाएगा। इसके लिए ब्राम्हणों पर दर्ज हो रहे केस समेत अन्य को जिम्मेदार बताया गया है। शहर के डीएम चौराहा स्थित भगवान परशुराम चौक पर प्रतिवर्ष दीपावली मनाया जाता है। लेकिन इस बार राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम नहीं मनाया जाएगा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येंद्र शुक्ला एडवोकेट ने बताया कि 13 अक्टूबर को हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज में रामगोपाल मिश्रा की हिंसा में हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा श्रावस्ती और लखनऊ के चिनहट निवासी मोहित पांडे की पुलिस अभिरक्षा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है, गोंडा जनपद में भी दो ब्राह्मणों की निर्मम हत्या कर दी गई है। जिले के पुलिस हिंसा में ब्राह्मण समुदाय को निशाना बना रहा है, उनके ऊपर केस दर्ज कर जेल भेज रहे हैं। इसको लेकर संघ इस बार भगवान परशुराम चौक पर दीपोत्सव कार्यक्रम नहीं मनाएगा। इसके लिए संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भी भेजा है।

## प्रधान ने ग्रामवासियों के लिए आयोजित किया स्वागत सम्मान समारोह

▸ दीपावली पर्व पर ग्रामीणों का प्रधान ने करवाया मुंह मीठा

**मिहीपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

ग्राम प्रधान रामपुर धोबिया मोनिका जयसवाल ने दीपावली पर्व पर ग्रामीणों का माल्यार्पण कर उनको मीठा खिलाकर स्वागत किया।

जिले के शिवपुर विकास खण्ड के रामपुर धोबिया में स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम प्रधान के द्वारा छोटी दीपावली पर किया गया। स्वागत सम्मान समारोह में ग्राम प्रधान मोनिका जयसवाल ने ग्रामीणों को मिटाई खिलाई और प्रधान प्रतिनिधि प्रभात जायसवाल ने माल्यार्पण किया। दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों का स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत अधिकारी विकास श्रीवास्तव व प्रधान प्रतिनिधि विपिन जयसवाल क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश राजपूत सुरेश आदि लोग मौजूद रहे।



## दिव्यांगों के साथ पुलिस अधीक्षक ने मनाई दीपावली, दिए उपहार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पहुंचकर दिव्यांगों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया। इस मौके पर उन्होंने सैकड़ों दिव्यांगों को उपहार भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। एसपी ने दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर इस खास दिन का जश्न मनाया और एक विशेष संदेश भी दिया, जिससे सभी के चेहरे पर मुस्कान आई। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दिव्यांग बच्चों को दीपावली की खुशी बांटने के लिए मोमबत्तियाँ, पटाखे, दीये और रंग-बिरंगी लाइटें वितरित कीं। इस दौरान दिव्यांग बच्चे बेहद खुश नजर आए और एसपी का धन्यवाद करते हुए बोले, हैप्पी दिवाली सर! आप हैं, जो हमारे पास दिवाली मनाने आए। गोंडा के पुलिस अधीक्षक ने दिव्यांग बच्चों को आश्वासन दिया कि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आप हमारे परिवार के सदस्य हैं। यदि आपको कोई समस्या होती है, तो तुरंत हमें सूचित करें। हम कठोर कार्रवाई करेंगे और आपको अकेला नहीं छोड़ेंगे। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि दीपावली तो वे अपने परिवार के साथ मनाएंगे, लेकिन आज दिव्यांगों के साथ मिलकर यह खास दिन मनाने का उद्देश्य था। एसपी ने कहा कि हमने बच्चों और दिव्यांगों को उपहार देकर उनके साथ दिवाली मनाई है। ये बच्चे हमारे परिवार का हिस्सा हैं और हम हमेशा इनकी भलाई के लिए तत्पर रहेंगे।

## जंगली जीव के हमले में किशोरी घायल

▸ किशोरी का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

▸ डीएफओ बोले गिरकर किशोरी को लगी है चोट

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत बहोरिकपुर गांव निवासी किशोरी पर जंगली जीव ने हमला कर दिया। किशोरी को गंभीर हालत में सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। परिवार के लोग भेड़िया का हमला बता रहे हैं।

बहराइच वन प्रभाग के सदर रेंज के हरदी थाना क्षेत्र के बहोरिकपुर ग्राम पंचायत के मजरा डोड़वा गांव निवासी सरोजनी (13) नंदकिशोर मंगलवार रात को घर से समान लेने के लिए निकली। तभी एक जंगली जीव ने हमला कर दिया। पहले पैर फिर हाथ में नोचा।



परिवार के लोगों ने शोर मचाते हुए किशोरी को छुड़ाया। इसके बाद सीएचसी में भर्ती कराया गया। किशोरी को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जिला अस्पताल में किशोरी का इलाज चल रहा है। किशोरी के माता पिता का कहना है कि भेड़िया ने हमला किया है। इस मामले में डीएफओ अजीत प्रताप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी वन्यजीव ने हमला नहीं किया है। गिरकर किशोरी को चोट लगी है।

# अभी तुम्हारी गर्मी निकाल दूंगा

- शिक्षा के मंदिर में अध्यापक के आमर्यादित बोल
- शिक्षा का मंदिर हुआ शर्मसार

सुशील सिंह



**रायबरेली।** एक महंत के शासनकाल में क्या महिला कानून निष्क्रिय हो गया है या ये कह सकते हैं कि असामाजिक तत्व शासन प्रशासन पर भारी पड़ते नजर आ रहे हैं महिला सुरक्षा को लेकर सरकार नए-नए कानून ला रही है और महिलाओं को उन कानून के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षित भी कर रही है उसके बाद भी शिक्षा के मंदिर में एक अध्यापक के द्वारा अमर्यादित शब्दों का प्रयोग (अभी तुम्हारी गर्मी निकलता हूँ) करके शिक्षा के मंदिर की गरिमा को तार तार कर दिया गया मामला डलमऊ तहसील क्षेत्र के मुराई बाग कस्बे में संचालित श्री भागीरथी इंटर कॉलेज का है। जहां स्कूल पढ़ने गई छात्रा के साथ अभद्रता व जाति सूचक शब्दों के साथ उसको दंडित किए जाने के मामले में मां के द्वारा डलमऊ थाने पर एक तहरी दी गई है। मुराई बाग के श्री भागीरथी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा की मां माधुरी देवी ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी सोमवार को स्कूल पढ़ने के लिए गई हुई थी वह अपनी अन्य दो सहेलियों के साथ कक्षा से पानी पीने के लिए नल पर चली गई जब वहां से वापस आई तो शिक्षक के रत्नेश शुक्ला के द्वारा उसे जाति सूचक गाली दी गई और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया यही नहीं छात्रा को पूरे घंटे कक्ष से बाहर खड़ा कर दिया गया जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गई छात्रा ने बयान देते हुए बताया कि अध्यापक ने उससे कहा कि अभी तुम्हारी सारी गर्मी निकाल दूंगा छात्रा की मां माधुरी देवी ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

> घटना के दिन मैं कोर्ट गया था मैं विद्यालय में उपस्थित नहीं था वहां से लौटने के बाद मुझे मामले की जानकारी हुई है दीपावली की छुट्टी हो जाने की वजह से मेरी बात किसी से नहीं हो पाई है छुट्टी के बाद जब विद्यालय खुलेगा तो संबंधित अध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा कि उन्होंने पूरी क्लास के सामने आमर्यादित शब्दों का प्रयोग क्यों किया।
>
> -विकास शर्मा
> प्रधानाचार्य श्री भागीरथी इंटर कॉलेज

> मामला मेरे संज्ञान में है उस छात्रा के द्वारा जो भी आरोप लगाए गए हैं उसकी जांच करवा रहा हूं साथ ही उसके कक्षा की अन्य छात्राओं से भी जानकारी हासिल की जा रही है कि उस दिन की वास्तविक घटना क्या थी उसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अरुण कुमार नौहवार
> क्षेत्राधिकारी डलमऊ

**जानकारी....छोड़ो, फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते पवन कुमार सोनकर:** क्षेत्र में घटित किसी भी घटना को लेकर जानकारी देना मुनासिब नहीं समझते हैं पवन कुमार सोनकर जबकि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह का सख्त निर्देश है मीडिया के साथ सामंजस्य बनाकर रखें क्षेत्र में घटित हुई किसी भी घटना को लेकर मीडिया कर्मी को पूरी जानकारी दें उसके बावजूद पवन सोनकर जैसे थानाअध्यक्ष ना कप्तान को मानते हैं और ना ही सूबे के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ के निर्देशों का पालन करते हैं ऐसे थानाअध्यक्ष सिर्फ सरकार और अपने कप्तान की किरकिरी करवाने का काम करते हैं।

# भगवान चित्रगुप्त की शोभा यात्रा में उमड़ेगा कायस्थ समाज




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय बस स्टेशन चौराहे के निकट स्थित होटल कृष्णा में अद्वितीय चित्रांश महासभा (रजि.) की एक प्रेस-वार्ता सम्पन्न हुई। प्रेस वार्ता का संचालन महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट ने किया।

वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने बताया कि विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी शहर के कैपिटल सिनेमा मार्ग पर स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त जी मन्दिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कलम दवात पूजन व विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। उक्त शोभा यात्रा में भगवान चित्रगुप्त की सपत्नीक भव्य झाकियाँ व उनके 12 पुत्रों के साथ-साथ, राम दरबार व राधाकृष्ण जी की झांकियाँ शहर भर में निकाली जायेंगी। शोभा यात्रा में घोड़ा, बग्घी, रोड लाइट व तोरण द्वार यात्रा की शोभा बढ़ायेंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार, प्रदेश महासचिव कमल श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, महामंत्री संजय श्रीवास्तव सभासद, रविकाश श्रीवास्तव, संरक्षक डा. विजय श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, रामेन्द्र श्रीवास्तव, मोहित श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव 'चित्रांश' एडवोकेट, सुभाष श्रीवास्तव 'कल्लू लाला', दीपक श्रीवास्तव 'गुड्डू', कुशल श्रीवास्तव, सोमेश श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित कार साइकिल में टक्कर मारते हुए धान के खेत में घुसी, कोई हताहत नहीं



बछरावा रायबरेली। हाईवे पर अचानक कार अनियंत्रित हो जाने के चलते सड़क के किनारे खड़ी हुई साइकिल तथा बिजली के पोल के स्टे वायर को तोड़ते हुए धान के खेत में जा गिरी, गनीमत यह रही की कोई हताहत नहीं हुआ। घटना दिनांक 30 अक्टूबर बुधवार सुबह 9:00 बजे के आसपास की घटना है। जब चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास पर शेखपुर समोधा गांव के निकट बांदा से लखनऊ के लिए जा रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे खड़ी हुई साइकिल एवं बिजली के पोल के स्टे वायर को तोड़ते हुए धान के गहरे खेत में जा गिरी। खेत में गिरने के बाद करीब 100 मीटर तक चलती हुई चलती हुई चली गई। परंतु कार चालक बाल बाल बच गया जिसे चोट नहीं आई, परंतु कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई वहीं साइकिल के पास हैंड पंप पर हाथ मुंह धो रहे एक व्यक्ति भी बाल बाल बच गया। नहीं तो वह बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकते था। घटना को देख रहे एवं खेतों में मौजूद किसान भागकर घटनास्थल पर पहुंचे और फंसे हुए कार चालक को बाहर निकाला गया।

## दीपावली की डीएम-एसपी, उद्यान मंत्री व विधायकों ने जनपदवासियों को दी हार्दिक शुभकामनाएं

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- उमंग, उत्साह, असत्य पर सत्य की जीत ओर समृद्धि का पर्व दीपावली की सभी को दी बधाई

उमंग, उत्साह, असत्य पर सत्य की जीत ओर समृद्धि का पर्व दीपावली की स्वतंत्र प्रभार मंत्री, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों को बधाई। जिलेवासियों को दीपोत्सव पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी के स्वस्थ, निरोग एवं कल्याण की कामना की।

स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि दीपावली उत्साह, उमंग, असत्य पर सत्य की जीत और समृद्धि का त्योहार है। साथ ही कामना की कि यह पर्व सभी जिलेवासियों को सुख समृद्धि से परिपूर्ण करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की तरफ से जिले को विकास के पथ पर तेजी से दौड़ाते हुए एक के बाद योजनाएं शुरू की जा रही है।

विधायक अदिति सिंह और अशोक कोरी ने जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश आज आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, जो हम सबके लिए गर्व का विषय है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष दीपावली का त्योहार सभी के लिए बेहद खास है। दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है, जो हमें आशा और उज्ज्वल भविष्य की ओर प्रेरित करता है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने जनपद वासियों को बधाई देते हुए लोगों से असत्य एवं बुराई के अंधकार पर सत्य एवं अच्छाई की जीत के इस त्योहार को उत्साह, उमंग से मनाने की अपील की। उन्होंने जनपदवासियों से दीपावली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की।

## उतरौला में निर्माणाधीन कूड़ा निपटान केंद्र पर उच्च न्यायालय ने लगाई रोक

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विकास खंड उतरौला के ग्राम महुआ धनी में निर्माणाधीन कूड़ा निपटान केंद्र के निर्माण पर उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पंचायत विभाग ने तुरंत निर्माण कार्य रोक दिया।

शासन ने इस कूड़ा निपटान केंद्र के निर्माण के लिए साढ़े चार लाख रुपए की लागत से मंजूरी दी थी। योजना की स्वीकृति मिलने के बाद पंचायत विभाग ने गांव सभा से प्रस्ताव मांगा, जिस पर गांव सभा ने गांव की नवीन परती भूमि पर कूड़ा निपटान केंद्र बनाने का प्रस्ताव दिया। हालांकि, विवाद तब शुरू हुआ जब गांव वालों ने आरोप लगाया कि यह कूड़ा निपटान केंद्र आबादी भूमि के पास बन रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा है। इसके चलते उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई। उच्च न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कूड़ा निपटान केंद्र के निर्माण पर रोक लगा दी।ग्राम प्रधान राधेश्याम ने बताया कि यह केंद्र गांव सभा की जमीन में, आबादी से दूर बनाने का प्रस्ताव था। उन्होंने कहा कि पीड़ितों ने उच्च न्यायालय में गलत तथ्यों के आधार पर एक पक्षीय आदेश प्राप्त किया है। राधेश्याम ने यह भी कहा कि गांव सभा को नोटिस मिलने पर सभी तथ्य उच्च न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। गांव के लोग अब यह उम्मीद कर रहे हैं कि उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सही निर्णय लिया जाएगा।

# राष्ट्र नायक बीरा पासी के क्षतिग्रस्त स्मारक का हो पुनर्निर्माण

- प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




अजादी के महासंग्राम 1857 क्रांति के अमर नायक बैसवारा क्षेत्र के राना बेनीमाधव बक्स सिंह के सेनापति राष्ट्र नायक स्वामिभक्त वीरवर बीरा पासी की मूर्ति/स्मारक नगर पंचायत लालगंज कार्यालय के निकट तिराहे पर स्थिति है जो क्षतिग्रस्त हो गया जिसके पुनर्निर्माण के लिए एक प्रतिनिधि मंडल जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता विनय भदौरिया, धर्मेन्द्र सिंह राजपूत प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना, कवि वाई.पी.सिंह जिलाअध्यक्ष संस्कार भारती, राहुल वर्मा डायरेक्टर माँ शक्ति कोचिंग क्लासेज, धीरज सिंह युवा समाजसेवी दीपेमऊ ने एसडीएम लालगंज नवदीप शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन देते हुए कहा कि समाज व राष्ट्र के नायक बीरा पासी की लालगंज कस्बे में स्थापित मूर्ति/स्मारक अत्यधिक क्षतिग्रस्त जिससे महापुरुष का अपमान हो रहा है तथा सामाजिक दृष्टि से भी उचित नहीं है जिसका पुनर्निर्माण कराना अति आवश्यक जिससे महापुरुष को यथासंभव सम्मान मिल सके तथा प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम नवदीप शुक्ला से अनुरोध किया कि दीपावली पर्व के मद्देनजर लालगंज कस्बे में स्थापित सभी महापुरुषों की मूर्तियों/स्मारकों की सफाई कराई जाए जिसपर एसडीएम लालगंज ने अधीनस्थ को नियमानुसार कार्य करने के लिए निर्देशित किया व आस्वासन देते हुए कहा कि महापुरुषों के सम्मान सर्वोपरि है यह हमसभी की जिम्मेदारी है।

# डीएम व एसपी ने थारू जनजाति के साथ मनाया दीपावली का त्योहार





**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- बच्चों के साथ जलाईं फुलझड़ियां एवं पटाखे

डीएम पवन अग्रवाल द्वारा दीपावली के त्योहार पर विशेष पहल पर जिला प्रशासन द्वारा विकास खंड गैंसड़ी के थारू जनजाति ग्राम वितनहिया कन्हईडीह में दीपावली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा दीप जलाकर एवं थारू जनजाति के बच्चों के साथ फुलझड़ियां एवं पटाखे जलाकर दीपावली का त्यौहार मनाया गया।

उन्होंने बच्चों को कपड़े, मिठाई, पठन सामग्री एवं उपहार वितरित किया। इस अवसर पर डीएम समस्त जनपद वासियों को दीपावली के साथ-साथ अन्य सभी त्योहारों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि सभी आपस में सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाए। उन्होंने कहा कि थारू जनजाति ग्रामों को शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किए जाने को विशेष अभियान चलाया जा रहा है , कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों को मिले यह सुनिश्चित किया जाएगा।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के स्टाल भी लगाया गया एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, एसडीएम तुलसीपुर, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, कमांडेंट एसएसबी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधीक्षक, प्रधान ग्राम वितनहिया उपस्थित रहें।

# भगवान राम का राज्याभिषेक धूमधाम से किया गया

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के लौकिया ताहिर स्थित बाबा लौकिया में रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे भव्य रामलीला आयोजन ने श्रद्धालुओं के दिलों में भक्ति और आस्था की नई लहर पैदा कर दी है। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं।

मंदिर प्रांगण में बने राजगद्दी स्थल पर भगवान श्री रामचंद्र जी का अयोध्या आगमन हुआ, जहां भगवान श्री रामचंद्र जी का विधिपूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राज्याभिषेक किया गया। महंत वीरेंद्र दास जी महाराज व डॉज़ विवेक श्रीवास्तव ने तिलक लगाकर स्वयं भगवान श्री राम का राजतिलक कर राज्याभिषेक संपन्न किया और इस भव्य लीला का प्रारंभ किया। राज्याभिषेक के पश्चात, भगवान श्री रामचंद्र जी की आरती और पूजन भी पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया।

इस आयोजन में, रामलीला कमेटी द्वारा समाजसेवियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामलीला मंचन कर रहे सभी कलाकारों और कमेटी के सदस्यों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और समर्पण और भी बढ़ गया। इस अवसर पर नवनीत ओझा,अन्नू ओझा,कौशल किशोर ओझा,हनुमान शुक्ला, रमेश चंद तिवारी, अखंड प्रताप सिंह, अरविंद उपाध्याय, अतुल कुमार उपाध्याय सहित अन्य दर्शन लीला देखकर मंत्र मुग्ध हो गए।

# राजकीय इंटर कॉलेज दारी चौरा में अध्यापकों की कमी

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

- पठन-पाठन बाधित, स्टाफ की भारी कमी पर छात्रों का भविष्य अधर में




विकास खंड श्रीदत्तगंज के राजकीय इंटर कॉलेज दारी चौरा में अध्यापकों और अन्य स्टाफ की भारी कमी से पढ़ाई कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। छात्रों की संख्या के मुकाबले आवश्यक शिक्षक और स्टाफ की अनुपलब्धता के कारण विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर गिर रहा है, जिससे उनके भविष्य पर गहरा असर पड़ने की आशंका है।

इस विद्यालय में प्रवक्ता के कुल दस स्वीकृत पद हैं, लेकिन इनमें से केवल चार पदों पर ही शिक्षक कार्यरत हैं। छह प्रवक्ता पद रिक्त पड़े हुए हैं, जो कि वरिष्ठ कक्षाओं के छात्रों की पढ़ाई में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इसी तरह सहायक अध्यापक के बारह स्वीकृत पदों में से केवल आठ पद भरे हुए हैं, जबकि चार सहायक अध्यापक के पद खाली हैं। अध्यापकों की इस कमी का असर सीधे तौर पर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। आवश्यक संख्या में शिक्षक न होने के कारण अधिकांश कक्षाओं में विषयों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, और छात्र कई विषयों में नियमित शिक्षण से वंचित हैं।

विद्यालय में सात चपरासी के पद स्वीकृत हैं, लेकिन केवल दो चपरासी ही यहां कार्यरत हैं। पांच चपरासी के पद रिक्त होने के कारण विद्यालय में साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं की व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा, दो लिपिकों की स्वीकृति के बावजूद केवल एक लिपिक विद्यालय में कार्यरत है। दूसरे लिपिक को जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) ने अपने कार्यालय में अटैच कर रखा है, लेकिन उसका वेतन विद्यालय के फंड से दिया जा रहा है। इस वजह से विद्यालय का प्रशासनिक कार्य भी बाधित हो रहा है। शिक्षकों और स्टाफ की इस कमी से छात्रों और उनके अभिभावकों में गहरी नाराजगी है। वे चाहते हैं कि शासन स्तर पर शीघ्रता से इस मुद्दे का समाधान किया जाए ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। छात्र-छात्राओं का कहना है कि विषय शिक्षकों की कमी के कारण वे सभी विषयों में नियमित अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी परीक्षाओं में प्रदर्शन पर असर पड़ सकता है। छात्रों, अभिभावकों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिला विद्यालय निरीक्षक को इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए और रिक्त पदों को शीघ्र भरने के प्रयास करने चाहिए। शिक्षण कार्य की बहाली और विद्यालय की व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए प्रशासन से इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।

# धनतेरस: महंगाई की मार, बाजारों में कहीं भीड़, कहीं सन्नाटा

**उतरौला (बलरामपुर)।** इस साल धनतेरस पर बाजारों में महंगाई का असर साफ दिखाई दिया। पिछले वर्षों की अपेक्षा इस बार त्योहार का रौनक फीका नजर आया। जहां कुछ जगहों पर भीड़ उमड़ी, वहीं कई बाजारों में सन्नाटा छाया रहा। दुकानदारों का कहना है कि महंगाई के कारण ग्राहकों की संख्या में कमी आई है और इसका सीधा असर उनकी बिक्री पर पड़ा है।

धनतेरस पर आमतौर पर सर्राफा बाजार में काफी चहल-पहल होती है, क्योंकि लोग इस दिन सोना-चांदी और अन्य आभूषणों की खरीदारी शुभ मानते हैं। हालांकि, इस बार सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों ने ग्राहकों को खरीदारी करने से रोक दिया। स्थानीय सर्राफा व्यवसायियों ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में भारी गिरावट देखी गई। महंगाई के चलते लोग सोने-चांदी की बजाय छोटे गहनों या प्रतीकात्मक वस्तुओं की ओर झुके हैं। धनतेरस पर बच्चों के लिए खिलौनों की खरीदारी की भी परंपरा है, लेकिन इस बार खिलौनों की दुकानों पर भी अपेक्षित भीड़ नहीं दिखी। खिलौना व्यापारी दीपक ने बताया कि सामान्य दिनों के मुकाबले थोड़ी सी बिक्री बढ़ी, लेकिन पिछले साल की तुलना में ग्राहक कम आए। महंगाई के चलते माता-पिता ने बच्चों की जरूरतों में कटौती करते हुए सीमित मात्रा में ही खरीदारी की। इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपकरणों की दुकानों पर भी इस बार पहले जैसी भीड़ नहीं रही। कई लोग धनतेरस पर घरेलू उपयोग की चीजें जैसे रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, और अन्य उपकरण खरीदना पसंद करते हैं, लेकिन इस बार महंगे दामों के कारण ग्राहकों की संख्या कम रही। दुकानदारों का कहना है कि महंगाई के दबाव में लोगों ने खरीदारी को स्थगित कर दिया है या सीमित कर दिया है। हालांकि, बर्तन और कपड़ों की दुकानों पर थोड़ी हलचल देखी गई, क्योंकि धनतेरस के शुभ मौके पर लोग बर्तन खरीदना शुभ मानते हैं। कई लोग बजट के अनुसार स्टील या तांबे के बर्तन खरीदते दिखे। कपड़े की दुकानों पर भी लोग सीमित बजट में खरीदारी कर रहे थे, जिससे व्यापारियों को कुछ राहत मिली। कुल मिलाकर, इस बार धनतेरस का त्योहार महंगाई की वजह से कुछ फीका रहा।

# दीपावली पर बाजार में मिलावटखोरी का बोलबाला, खाद्य विभाग बेखबर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार में मिठाइयों की मांग में तेजी देखी जा रही है। लेकिन मिठाइयों की मिठास में मिलावट का कड़वा सच छिपा हुआ है। उतरौला तहसील क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में नकली और मिलावटी मिठाइयों का जखीरा खुलेआम बिक रहा है, जिससे आम जनमानस के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता के चलते नकली मिठाई विक्रेताओं का धंधा फल-फूल रहा है।

रेहरा बाजार, सादुल्लाह नगर, धुसवा, पेहर, और उतरौला बाजार जैसे क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरीक्षण का दावा तो किया जाता है, लेकिन ये निरीक्षण केवल औपचारिकता तक ही सीमित नजर आते हैं। क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि अधिकतर मामलों में जांच के नाम पर खानापूर्ति की जाती है, जिससे मिलावटखोर बेखौफ अपना काम जारी रखते हैं। दीपावली जैसे प्रमुख पर्वो पर लोग बड़ी मात्रा में मिठाइयां खरीदते हैं, और इसका फायदा उठाकर कुछ दुकानदार गुणवत्ता की अनदेखी करते हुए मिलावटी मिठाइयों को बेचने में लगे रहते हैं। बाजारों में मिठाइयों के नाम पर बेची जा रही वस्तुएं सामान्य खाद्य सामग्री से बिल्कुल भी मेल नहीं खाती हैं। घटिया क्वालिटी के रंग, सस्ता तेल, और नकली दूध जैसी चीजें मिलाकर मिठाइयां तैयार की जा रही हैं, जो सीधे तौर पर लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की मिलावटी मिठाइयों के सेवन से पेट संबंधी बीमारियों के अलावा फूड पॉइजनिंग जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने चेतावनी दी है कि नकली मिठाईयों में पाए जाने वाले हानिकारक केमिकल से लंबे समय तक उपयोग करने पर लीवर और किडनी पर भी असर पड़ सकता है। खाद्य सुरक्षा विभाग पर बार-बार मिलावटखोरों पर अंकुश लगाने के आरोप लग रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद विभाग की तरफ से ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। जबकि त्योहार के इस मौसम में लोगों की सुरक्षा के लिए खाद्य पदार्थों की कड़ी निगरानी आवश्यक है। आम नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए ताकि मिलावटखोरी पर लगाम लगाई जा सके और लोगों को सुरक्षित मिठाइयां मिल सकें। क्षेत्रीय जनता प्रशासन से उम्मीद कर रही है कि इस गंभीर मुद्दे पर जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई की जाएगी। जरूरत है कि खाद्य सुरक्षा विभाग क्षेत्र में नियमित जांच करे और दोषी दुकानदारों पर कठोर कार्रवाई करे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

## आत्मनिर्भरता की उड़ान

अक्सर कहा जाता रहा है कि भारतीय सेना के युद्धक व मालवाहक विमान पुराने पड़ चुके हैं। निस्संदेह, वायुसेना व सेना को इसकी कीमत भी चुकानी पड़ती थी। लेकिन यह सुखद है कि देश में पहली बार एक स्वदेशी निजी कंपनी आत्मनिर्भर भारत अभियान को संबल देकर देश में सेना के लिये युद्धक ध्विमानों का निर्माण करेगी। जब वडोदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके स्पेनिश समकक्ष पेद्रो सांचेज ने टाटा एअरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स में इस महत्वाकांक्षी परियोजना की बुनियाद रखी, तो निश्चय ही भारत एक नये युग में प्रवेश कर रहा था। पहली बार कोई निजी कंपनी विमान निर्माण के क्षेत्र में कदम रख रही थी। वह भी देश का भरोसेमंद और एअर इंडिया का उद्धार करने वाला टाटा समूह का उपक्रम। निश्चित ही हम 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को हकीकत बनता देख रहे हैं। साथ ही हम उस दाग को धोने की तरफभी आगे बढ़े हैं कि जिसके बाबत कहा जाता है कि भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार खरीददार देशों में शुमार है। उल्लेखनीय है कि टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड और स्पेन की एअरबस के संयुक्त उपक्रम में 40 सी–295 विमानों का निर्माण होगा। यह भी कि स्पेन व भारत के मध्य कुल 56 विमानों को लेकर समझौता हुआ था, जिसमें 16 तैयार विमान स्पेन से भारत को मिलने हैं। दरअसल, सी–295 विमान सैनिकों, साजो–सामान तथा हथियारों को लाने–ले जाने में खासा मददगार होता है। साथ ही यह छोटी हवाई पट्टी व दुर्गम इलाकों से भी उड़ान भर सकता है। यह अच्छी बात है कि बीते कुछ वर्षों में भारत सरकार ने उन्नत एवं तकनीकी क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने को अपनी प्राथमिकता बनाया है। जिसमें रक्षा उत्पादों, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों, इलेक्ट्रिक वाहनों, ग्रीन हाइड्रोजन तथा सेमीकंडक्टर का उत्पादन शामिल है। अपने इस अभियान में सरकार ने न केवल विदेशी निवेश को आमंत्रित किया बल्कि देश के निजी क्षेत्र को भरपूर संसाधन व पर्याप्त मौके उपलब्ध कराए हैं। तय मानिये कि आने वाले वाले वर्षों में इसके सकारात्मक परिणाम मिलेंगे।निश्चित रूप से केंद्र सरकार की ऐसी कोशिशों से जहां हम रक्षा उत्पादन के क्षेत्रों में आत्मनिर्भर होंगे, वहीं इससे देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। ऐसा करके हम न केवल अपने दुर्लभ विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ा सकते हैं बल्कि इन उत्पादों के निर्यात की दौड़ में भी शामिल हो सकते हैं। यकीनी तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को भी इससे बड़ा संबल मिलेगा। बहरहाल, यह तय है कि भारतीय सेना में सी–295 विमानों के शामिल होने से हम पुराने रूसी विमानों के जोखिम से भी बच सकेंगे। साथ ही सामरिक क्षेत्र में यह देश की बढ़त भी होगी। वहीं देश में रोजगार के मौके भी बढ़ेंगे। कहा जा रहा है कि देश में सी–295 की निर्माण परियोजना से तीन हजार प्रत्यक्ष और 15 हजार परोक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके अलावा बड़ोदरा व उसके आसपास के इलाके की आर्थिकी को नई गति भी मिलेगी। वहीं इन विमानों में उपयोग होने वाले स्वदेशी कल–पुर्जों से भी विभिन्न आय के साधन विकसित होंगे। विगत के अनुभव रहे हैं कि भारत के मुश्किल वक्त में हथियारों की आपूर्ति में विदेशी सरकारों ने मदद करने में आनाकानी की थी। लेकिन बहुत संभव है कि सी–295 परियोजना की सफलता के बाद भारत रक्षा उत्पादों के निर्यात में भागीदारी कर सकेगा। संभावना यह भी कि कालांतर देश में ऐसी विशिष्ट उत्पादों के निर्माण की संस्कृति विकसित हो, जो न केवल देश को हथियार उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाये, बल्कि भारत की तीनों सेनाओं का मनोबल भी ऊंचा करे।

# सही अर्थों में लौहपुरुष थे सरदार पटेल

**रमेश सर्राफ धमोरा**

सरदार वल्लभभाई पटेल को लौहपुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोड़कर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

देश के वो पहले गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आईसीएस) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। हालांकि उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया।

22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थीं। 1908 में उनकी धर्मपत्नी का निधन हो गया। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्धाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दोगुनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानी नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षों में तपकर उनका मनोबल लोहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होंने जितना योगदान दिया, उससे ज्यादा योगदान उन्होंने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया।



**सरदार पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) पर विशेष**

**सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थीं। 1908 में उनकी धर्मपत्नी का निधन हो गया। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्धाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दोगुनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है।**

पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निर्माता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अश्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनों ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते।

देश का गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भाग कर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ़ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेज कर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली।

**विचार**

# धन-सम्पदा के समारोह में तब्दील होता दीपावली का त्योहार

**गिरीश्वर मिश्र**



इस क्षण भंगुर संसार में उन्नति और अभिवृद्धि सभी को प्रिय है। यह बात भी बहुत हद तक सही है कि इसका सीधा रिश्ता वित्तीय अवस्था से होता है। पर्याप्त आर्थिक संसाधन के बिना किसी को इच्छित सिद्धि नहीं मिल सकती। लोक की रीति को ध्यान में रखते कभी भर्तृहरि ने अपने नीति शतक में कहा था कि सभी गुण कंचन अर्थात् धन में ही समाए हुए हैं। धनी व्यक्ति की ही पूछ होती है, वही कुलीन और सुंदर कहा जाता है, वही वक्ता और गुणवान होता है, उसी की विद्वान के रूप में प्रतिष्ठा मिलती है। इसलिए जीवन में सभी इसी का उद्यम करते रहते हैं कि आर्थिक समृद्धि निरंतर बढ़ती रहे।

दीपावली का त्योहार अब सम्पत्ति और वैभव का उत्सव होता जा रहा है। वह अपनी सांस्कृतिक यात्रा में पौराणिक अतीत से आगे बढ़ कर धन-सम्पदा के समारोह में तब्दील होता गया है। कृषि जीवन, ऋतु-परिवर्तन और मर्यादा पुरुषोत्तम राम के स्वागत से अलग छिटकते उत्सव वैभव के प्रतीकों से जुड़ते जा रहे हैं। लक्ष्मी-गणेश की शुभ मुहूर्त में पूजा और घर में दीप जलाने के आयोजन के साथ कई अर्थहीन मिथक भी जुड़ गए हैं। उदाहरण के लिए इस दिन जुआ खेलना बहुतों का एक अनिवार्य अभ्यास हो चुका है। आज का मनुष्य अधिकाधिक लक्ष्मीप्रिय होता जा रहा है। अब उसे सिर्फ धन-संपदा से मतलब है, वह चाहे किसी भी तरह क्यों न प्राप्त हो।

यह मान कर कि अंतिम परिणाम ही महत्व का होता है, लोगों के मन में अब सिर्फ साध्य की ही चिंता बनी रहती है। साध्य या लक्ष्य को पाने के साधन या उपाय की चिंता कोई मायने नहीं रखती है। आज क़िस्म-क़िस्म के झूठ-फ़रेब के जरिए कमाई के उपाय अजमाने से कोई नहीं हिचकता। नीट, कैट तथा नेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के रैकेट शार्टकट से लक्ष्य पाने की युक्ति की ही भ्रष्टाचार-गाथा कहते हैं। धर्म के विचार से आगे बढ़ते हुए आदमी सभी चीजों से निरपेक्ष होता जा रहा है। अब वित्त की अपरिमित चाहत के आगे धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य और उचित-अनुचित के सरोकार अप्रासंगिक इसलिए बेमतलब होते जा रहे हैं। लोक प्रसिद्धि है कि 'कनक' (स्वर्ण) पाने भर से आदमी मदमत्त हो उठता है, होशो-हवास खोने लगता है, उसका विवेक मर जाता है और फिर वह अपनी मर्ज़ी से कुछ भी करने पर उतारू हो उठता है।

वैभवशाली युवा आए दिन अपने नए निराले व्यसनों से अख़बारों की सुर्ख़ियाँ बनाते हैं। धनाढ्य युवा फ़र्राटे से बड़ी बड़ी मोटर गाड़ी चलाते लोगों को कुचल देते हैं। कोई उनकी बात न सुने तो मारपीट पर उतर जाते हैं और बिना सोचे सामने वाले को गोली मार देने तक में नहीं हिचकिचाते। द्वंद्वों से परे होती जा रही है धन की लालसा और वैभव का अहंकार। मौजूदा दौर में भौतिक सम्पदा पाने की बेइंतहा लालसा तेज़ी से बढ़ रही है। इसके लिए व्यग्र बेचैन लोग कुछ भी करने पर उतारू रहते हैं। उन्हें इसकी तनिक भी फ़िक्रि नहीं होती कि उन्हीं जैसे और लोगों को, उस समुदाय को जिसके वे सदस्य हैं या फिर वह समाज जो उनको जीने के साधन और अवसर मुहैया करा रहा है, सबको, उनके निजी अनियंत्रित आचरण का कितना बेधक ख़ामियाज़ा भुगतना पड़ रहा है। कहना न होगा कि यह समाजद्रोही आत्मरति व्यापक तौर पर जीवनद्रोही और हिंसक हो कर मनुष्यता के लिए गंभीर ख़तरा बनती जा रही है। लोग अपने पास-पड़ोस की धन-सम्पत्ति पर क़ब्ज़ा जमाने की प्रवृत्ति के साथ चोरी, बेईमानी, धोखाधड़ी और उपद्रव आदि से कोई परहेज नहीं करते। सम्पत्ति को लेकर सगे-सम्बन्धियों को सताने, उनकी पिटाई और हत्या की घटनाएँ तो आम होती जा रही हैं। ऐसे लोग धन के लालच में परिजनों की हत्या और अपने संतान की बलि तक दे रहे हैं। यह बड़े खेद का विषय है कि इस तरह की अमानवीय घटनाएँ सार्वजनिक जीवन में फैल रही हैं। अर्थ-प्रियता की प्रवृत्ति के ही चलते सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में बेईमानी और भ्रष्टाचार का लम्बा सिलसिला चल निकला। अब अर्थ का कारोबार प्रकट और प्रच्छन्न तरीके से छल-छद्म के तमाम पैंतरों के साथ खूब फल-फूल रहा है। छोटे तबके के लोगों से लेकर ऊँचे और जिम्मेदार पदों पर आसीन रसूखदार बड़े-बड़े लोगों की भी उसमें हिस्सेदारी सामने आ रही है। दरअसल, ऐसा दुराचार का दायरा स्वतंत्र भारत में लगातार बढ़ता गया है और नियम, कानून, निगरानी और संहिताएँ ज़्यादा प्रभावी नहीं हो पा रही हैं। इस तरह के प्रकरणों में अपराध और अपराधी तय करना और क़ानूनी प्रक्रिया द्वारा अपराधी को सजा दिलाना टेढ़ी खीर साबित हो रही है।

**वैभवशाली युवा आए दिन अपने नए निराले व्यसनों से अख़बारों की सुर्ख़ियाँ बनाते हैं। धनाढ्य युवा फ़र्राटे से बड़ी बड़ी मोटर गाड़ी चलाते लोगों को कुचल देते हैं। कोई उनकी बात न सुने तो मारपीट पर उतर जाते हैं और बिना सोचे सामने वाले को गोली मार देने तक में नहीं हिचकिचाते। द्वंद्वों से परे होती जा रही है धन की लालसा और वैभव का अहंकार। मौजूदा दौर में भौतिक सम्पदा पाने की बेइंतहा लालसा तेज़ी से बढ़ रही है। इसके लिए व्यग्र बेचैन लोग कुछ भी करने पर उतारू रहते हैं। उन्हें इसकी तनिक भी फ़िक्र नहीं होती कि उन्हीं जैसे और लोगों को, उस समुदाय को जिसके वे सदस्य हैं या फिर वह समाज जो उनको जीने के साधन और अवसर मुहैया करा रहा है।**

# जिसके दिल में राम, मनाएं दीपावली

**डॉ. प्रभात ओझा**

भारतीय जनमानस में दीपावली और मर्यादा पुरुषोत्तम राम के साथ महात्मा गांधी को याद करना अलग तरह का अनुभव है। जीवन का शायद ही कोई प्रश्न हो, जो गांधी से छूट गया हो। ऐसे में जबकि स्वाधीनता आंदोलन के इस महानायक पर भी सोशल मीडिया का एक अंश और कुछ लोग सवाल उठाने लगे हैं, दीपावली के बारे में उनके विचार जाने जा सकते हैं।

दस्तावेजी तथ्य बताते हैं कि बापू ने 1921 में 09 अक्टूबर को दीपावली को राम की विजय का उत्सव कहा था। गुजराती भाषा के 'नवजीवन' में उनका लेख छपा था। वे लिखते हैं, दीवाली के दिन राम के विजय का उत्सव मनाया जाता है। राम की विजय का अर्थ है धर्म की विजय। धर्म की विजय का उत्सव तो धर्म को पालन करने वाले ही मना सकते हैं। उसे वही राष्ट्र मना सकता है जो अपने स्वाभिमान की रक्षा करता हो और स्वाश्रयी हो। इसलिए मैं तो ऐसा समझता हूं कि हमारा कर्तव्य है कि जब तक हमें स्वराज नहीं मिल जाता, दीपावली के इन दिनों में हमें किसी प्रकार का आमोद-प्रमोद नहीं करना चाहिए और न मिष्टान्न भोजन करना चाहिए।

स्पष्ट है कि गांधी ने स्वराज को जीवन का मुख्य लक्ष्य बना लिया था। सम्पूर्ण देश को भी वे इसी रास्ते पर बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहे। इसी में वे आगे लिखते हैं, ÷जिस समय अपने धर्म और देश के लिए हजारों निर्दोष लोग जेल गये हों, उस समय हम किसी भी प्रकार के आनंद का उपभोग कैसे कर सकते हैं।÷ आज भी देखें तो वे कोई नई बात नहीं कहते। जब मन-मस्तिष्क उत्सव के अनुकूल न हो, बिना प्रेरणा हम उसमें मन नहीं लगा पाते। उस समय तो सम्पूर्ण देश अपनी आजादी के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन में मशगूल था। इसके पहले 1920 में भी गांधीजी इस त्योहार को देश की आजादी से ही जोड़कर देखते हैं। उस वर्ष अहमदाबाद में 31 अक्टूबर को वे महिलाओं की एक सभा को सम्बोधित कर रहे थे। यह भी गुजराती नवजीवन के 03 नवंबर के अंक में प्रकाशित हुआ है। उन्होंने कहा था, दीपावली, राम सीता जी को छुड़कर लाए, इसकी खुशी का उत्सव है। राम ने रावण पर जैसी विजय प्राप्त की, वैसी हम फिर प्राप्त न कर सकें, तब तक हमे ऐशो-आराम करने या शृंगार करने, स्वाद लेने या पटाखे छुड़ाने का अधिकार नहीं है।

दीपावली पर गांधीजी रावण को 10 सिर वाले राक्षस के रूप में बताते हुए विदेशी सत्ता को दस हजार सिर वाला बताते हैं। उन्होंने 27 अक्टूबर, 1920 को डाकोर में एक सभा को सम्बोधित किया था। नवजीवन के 03 नवंबर के अंक में प्रकाशित समाचार में उनका कथन इस तरह उद्धृत है- ÷आज भी हम दीपावली मनाते हैं, तो राम की रावण पर विजय मनाते हैं, परंतु यह विजय हम तभी मना सकते हैं जब हम इस दस नहीं, किंतु दस हजार सिरों वाले रावण को छिन्न-भिन्न नहीं कर सकें। आजादी के बाद भी दीपावली को देखने के गांधी के नजरिए में फर्क नहीं आता।

विदेशी शासक से मुक्ति मिल चुकी थी, लेकिन गांधी के सपनों के भारत का निर्माण बाकी था। भारत सरकार की ओर से प्रकाशित सम्पूर्ण गांधी वांग्मय के खण्ड-90, पृष्ठ 18 पर दिल्ली की प्रार्थना सभा में 12 नवंबर, 1947 को छपा उनका भाषण है। उनका कहना था, राम भलाई की ताकतों के प्रतीक थे और रावण बुराई की ताकतों का।........अफसोस है कि आज हिंदुस्थान में रामराज्य नहीं है। इसलिए हम दिवाली कैसे मना सकते हैं? वही आदमी इस दिन की खुशी मना सकता है जिसके दिल में राम हैं।÷ आज गांधी नहीं हैं, संदर्भ भी लगातार बदले हैं। फिर भी मुद्दा कायम है कि किसके दिल में राम हैं। जिसके दिल में राम हैं, वे स्वयं बता सकते हैं। दीपावली मनाने का अधिकार भी उन्हें ही होना चाहिए।



# राशिफल

**मेषः**– मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तणरखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**बृषभः**– रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुनः**– वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी।

**कर्कः**– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें।

**सिंहः**– नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्याः**– कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः**– निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी।

**वृश्चिकः**– नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनुः**– कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः**– सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभः**– महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फ्लीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

मीनः- नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# एकता की दुहाई बांटने का काम

**राजेन्द्र शर्मा**

आखिरकार, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदू जागरण यात्रा ने कम से कम बिहार के शासन को जागने पर मजबूर दिया है। किशनगंज में मंत्री महोदय के खिलाफ सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने से संबंधित धाराओं में मुकड्डदमा दर्ज हुआ है। अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि इस मुकदमे ने बिहार की नीतीश कुमार सरकार और भाजपा की गिरिराज लॉबी के बीच पहले ही असहज रिश्तों में तनाव और बढ़ा दिया होगा।

वैसे यह मोदीशाही में सांप्रदायिक नारों और आह्वानों को मुख्यधारा में स्थापित किए जाने का ही संकेतक है कि मीडिया के लिए खबर गिरिराज सिंह की यात्रा के संबंध में किशनगंज में मुकदमा दर्ज कराए जाने में ही है न कि एक केंद्रीय मंत्री के ऐसी खुल्लमखुल्ला सांप्रदायिक यात्रा पर निकलने में, जिसके चलते अनिच्छुक न्याय प्रशासन को भी आखिरकार मुकदमा दर्ज करना पड़ा है। कहने की जरूरत नहीं है कि यह मामला भी प्रशासन द्वारा कोई स्वतरू संज्ञान लेकर दर्ज नहीं कराया गया है। यह मुकदमा एमएआईएम द्वारा अदालत में शिकायत दिए जाने पर दर्ज हुआ है। याद दिलाते चलें कि केंद्रीय मंत्री की इस यात्रा में, जो सचेत रूप से बिहार के सीमांचल माने जाने वाले चार अपेक्षाकृत अधिक मुस्लिम आबादी वाले इलाकों से निकाली गई, उनके दो आह्वड्डान खासतौर पर सुर्खियों में रहे हैं। एक तो उनका हिंसा के लिए कथित हिंदू एकता का सांप्रदायिक आह्वन अगर मुसलमान किसी को एक थप्पड़ मारे, तो सब हिंदू मिलकर उसको सौ थप्पड़ मारो। दूसरे, हिंदुओं से हथियार रखने का आह्वड्डनकृअब घर में भाला, तलवार, त्रिशूल, छुरा रखना शुरू करें।



हैरानी की बात नहीं है कि इन व्यावहारिक आह्वड्डनों के साथ, उग्र हिंदुत्व का प्रदर्शन करने के लिए बराबर चर्चा में रहने वाले मंत्री महोदय ने, उग्र हिंदुत्व के और बड़े आइकॉन, उत्तरप्रदेश के मुख्ड्डयमंत्री, योगी आदित्यनाथ का ताजातरीन नारा दुहराया, जो आम चुनाव में आम तौर पर देश भर में और खासतौर पर उत्तरप्रदेश में, भाजपा को तगड़ा झटका लगने की पृष्ठड्डभूमि में दिया जा रहा है-बटोगे तो कटोगे! यह दूसरी बात है कि इस नारे की शुरूआत बंगलादेश की हाल की बड़ी राजनीतिक उठा-पटक के संदर्भ में, वहां हिंदू अल्पसंख्यकों, मंदिरों आदि पर हमलों तेजी के संदर्भ में हुई थी। लेकिन, जल्द ही संघ परिवार ने इसे भारतीय संदर्भ में अपनी इस शिकायत से जोड़ दिया कि उनके विरोधी इंडिया गठबंधन को तो मुसलमानों ने एकमुश्त वोट दिया था, लेकिन हिंदू वोट बंट गया और इसी का नतीजा यह हुआ कि खुद को हिंदू वोट का स्वाभाविक दावेदार मानने वाली भाजपा के मंसूबे अधूरे रह गए। और तो और खुद प्रधानमंत्री मोदी ने भी विशेष रूप से महाराष्ट्ड्ड की अपनी सभाओं में, अपने ही शब्दों में इस शिकायत को दोहराया है। महाराष्ट्ड्ड के आने वाले विधानसभाई चुनाव के लिए हिंदुओं की गोलबंदी की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि उनका वोट बैंक तो एकमुश्त वोट कर देगा, पर आपका वोट बंट गया तो, उनके यहां जश्न हो जाएगा। अगर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की यह बोली अब आगे महाराष्ट्ड्ड और झारखंड के चुनाव सुनाई नहीं दे तो ही अचरज की बात होगी। वास्तव में महाराष्ट्ड्ड की ही तरह, झारखंड में भी चुनाव की तरीखों की घोषणा से पहले से ही, सांप्रदायिक गोलबंदी की ये पुकारें खुलेआम शुरू हो गई थीं। झारखंड में इस सिलसिले में खासतौर पर उसके बंगाल से लगती हुई सीमाओं वाले जिलों में बसे मुसलमानों को बंग्लादेशी घुसपैठिया बताकर निशाना बनाया जा रहा था। असम के भाजपायी मुख्ड्डयमंत्री, हिमंत बिश्वशर्मा के नेतृत्व में, असम की ही तरह झारखंड में भी अवैध घुसपैठ से इस इलाके के आदिवासी चरित्र तथा पहचान के खतरे में होने का नैरेटिव गढ़ा जा रहा था।

वास्तव में असम के मुख्यमंत्री ने तो भाजपा के सत्ता में आने पर, झारखंड में भी राष्ट्ड्डीय नागरिक रजिस्टर कराने का वादा भी करना शुरू कर दिया था। यह दूसरी बात है कि उन्होंने यह बताने की जहमत नहीं उठाई कि उनके असम में, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर, हजारों करोड़ रुपए खर्च कर के जो एनआरसी अपडेटिंग कराई गई थी, उसका आखिर में क्या हुआ? उस एनआरसी को अब वह भाजपा सरकार भी स्वीकार करने के लिए तैयार क्यों नहीं है, जो एनआरसी को सभी समस्याओं का रामबाण इलाज बता रही थी। सभी जानते हैं कि असम में एनआरसी के नतीजे क्योंकि संघ-भाजपा के नैरेटिव के हिसाब से नहीं आये थे और वास्तव में इस एनआरसी में जिन लोगों की भारतीय नागरिकता संदिग्ध पाई गई थी, उनमें बहुमत चूंकि हिंदुओं का था, ये सूचियां सामने आते ही संघ-भाजपा ने पांव पीछे खींचने शुरू कर दिये थे और इस एनआरसी को अस्वीकार करना शुरू कर दिया था। बहरहाल, अब जबकि सीधे आरएसएस के उप-प्रमुख होजबोले ने बटेंगे तो कटेंगे के नारे पर यह कहकर मोहर लगा दी है कि आरएसएस का तो हमेशा से ही यह विचार कर रहा है और वह हिंदुओं को एकजुट करने में लगा रहा है, इस नारे का संघ परिवार द्वारा आगे व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया जाना तय है। इस सिलसिले में यह याद दिलाना भी अप्रासांगिक नहीं होगा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने, इस दशहरे के विशेष संबोधन में, बंगलादेश की घटनाओं के संदर्भ से, हिंदुओं के एकजुट तथा संगठित होने की जरूरत पर विशेष जोर तो दिया ही था, जनता के विभिन्न तबकों को एकजुट तथा संगठित करने वाली ताकतों को ही बांटने वाली ताकतें बताकर, इस एकता के लिए उनसे खतरा बताते हुए, खासतौर सचेत किया था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरूवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 08.11.24 तक |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 05.11.24 तक |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 06.11.24 तक |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शुक्रवार, सोमवार | 01.11.24 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | शनिवार, मंगलवार | 02.11.24 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | शनि, मंगल | 02.11.24 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | गुरू, रवि, बुध | 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | नई दिल्ली | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 31.10.24 को |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | नई दिल्ली | 11:00 | | शुक्रवार | 01.11.24 को |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरूवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04517 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04608 | जम्मू तवी | 20:20 | हावड़ा जं. | 13:20 | तिथि वार | सोमवार | 04.11.24 को |
| 04607 | हावड़ा जं. | 23:45 | जम्मू तवी | 15:20 | | शुक्रवार एवं बुधवार | 01.11.24 एवं 06.11.24 |
| 04680 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:40 | कामाख्या | 21:00 | तिथि वार | सोमवार एवं शनिवार | 02.11.24 तक |
| 04679 | कामाख्या | 06:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 04662 | अमृतसर जं. | 20:10 | सहरसा | 05:00 | तिथि वार | रविवार | 03.11.24 को |
| 04661 | सहरसा | 10:00 | अमृतसर जं. | 18:20 | | गुरूवार एवं मंगलवार | 31.10.24 एवं 05.11.24 |
| 05001 | गोरखपुर जं. | 19:30 | दिल्ली जं. | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 05002 | दिल्ली जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 09:55 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05111 | छपरा जं. | 14:00 | नई दिल्ली | 11:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05112 | नई दिल्ली | 12:50 | छपरा जं. | 11:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09075 | मुम्बई सेंट्रल (वाया बरेली) | 11:00 | काठगोदाम | 14:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09076 | काठगोदाम (वाया बरेली) | 17:30 | मुम्बई सेंट्रल | 20:55 | | गुरूवार | 26.12.24 तक |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 04.11.24 को |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | गुरूवार | 07.11.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरूवार को छोड़कर | 30.11.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 01.12.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 03.11.24 तक |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 04.11.24 तक |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 13.11.24 तक |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 11.11.24 तक |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 12.11.24 तक |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरूवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 01.11.24 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 02.11.24 तक |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05037 | बनारस | 19:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 05038 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:10 | बनारस | 01:10 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 05273 | दरभंगा जं. | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 02.11.24 को |
| 05274 | दौराई | 23:45 | दरभंगा जं. | 06:50 | | रविवार | 03.11.24 को |
| 06097 | चेन्नै सेंट्रल | 05:15 | अम्बाला कैंट जं. | 02:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 06098 | अम्बाला कैंट जं. | 15:30 | चेन्नै सेंट्रल | 13:35 | | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 07617 | काचीगुडा | 23:15 | हजरत निजामुद्दीन | 04:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 4,11 एवं 18.11.24 |
| 07618 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | काचीगुडा | 11:45 | | बुधवार | 6,13 एवं 20.11.24 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सभी तहसीलों में मदिरा के विरूद्ध हो रही छापेमारी

## दबिश के दौरान 10 अभियोग पंजीकृत, 121 लीटर अवैध शराब बरामद: जिला आबकारी अधिकारी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के मार्गदर्शन में लगातार शराब की दुकानों पर छापेमारी की जा रही है।

यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद में चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज समस्त तहसीलों में उपजिलाधिकारी , क्षेत्राधिकारी और आबकारी निरीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से तहसील के विभिन्न देशी मदिरा , विदेशी मदिरा व बीयर की दुकानों पर छापेमारी की गई। उन्होंने बताया उपजिलाधिकारी फतेहपुर राजेश विश्वकर्मा और क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगत कनौजिया के साथ आबकारी निरीक्षक गजेन्द्र सिंह द्वारा कुर्सी थाने के अंतर्गत ग्राम बेहड़ पुरवा, बसारा इत्यादि में छापेमारी की गई। इसके अतिरिक्त तहसील नवाबगंज, रामसनेही घाट,हैदरगढ़, सिरौलीगौसपुर, रामनगर अंतर्गत ग्राम मानपुर, लखेचा, मनेरा थाना सतरिख, ग्राम आल्हनमऊ थाना टिकैतनगर, ग्राम पजावा, नैपुरा थाना असन्द्रा, ग्राम रेवढा, विधानगर थाना टिकैतनगर,ग्राम पासीन का पुरवा, गोंडियन का पुरवा थाना मोहम्मदपुर ख़ाला में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 10 अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 121 लीटर शराब बरामद की गयी, जिसमे 10 टेट्रा पैक देशी शराब दबंग ब्रांड के बरामद हुए। कुलदीप दिनकर ने बताया कि जनपद में तहसील हैदरगढ़ व फतेहपुर, सिरौलीगौसपुर में स्थिति देशी शराब, विदेशी शराब व बियर की दुकानों का गहन निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिसमे दुकानों में संचित स्टॉक पर नियमानुसार बारकोड/क्यू आर कोड , ढक्कन , सील, लेबल आदि तथा टोल फ्री नंबर, रेट लिस्ट लगे होने व पास मशीन द्वारा बिक्री होने का सत्यापन किया जाएगा।

# मुख्य सेविका को दी गई भावभीनी विदाई

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में कार्यरत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मुख्य सेविका रागिनी कुमारी के सेवानिवृत्ति होने पर ब्लाक सभागार में सीडीपीओ अर्चना वर्मा के नेतृव में बुधवार को भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह में फूल मालाएं पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। रागनी ने 2013 में सिरौलीगौसपुर में बाल विकास परियोजना में सुपरवाइजर पद पर कार्यभार संभाला। 11 वर्षों से लगातार सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में सुपरवाइजर पद पर तैनात रही। आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभाग के कर्मचारियों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने सेवाकाल पूरा होने पर उनके कार्यकाल को याद किया। इस दौरान मौजूद सीडीपीओ अर्चना वर्मा सुपरवाइजर, अर्चना सिंह, आकांक्षी वर्मा, राम समुझ,प्रेम यादव सुधीर पाण्डेय, ईशा यादव, रामा देवी वेदिका ,फुलकेसरी, सूफिया , क्षमा पाण्डेय सहित तमाम आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने कहा कि रागनी जी का कार्य बहुत ही सराहनीय रहा। समय से ऑफिस आना और फील्ड में कार्य करना समय से कार्य को पूरा करना इनकी आदत में था। इन्हें कभी भी कभी टोकना नहीं पड़ता था। मुख्य सेविका रागिनी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे जिस तरीके से अभी तक प्यार सामान वह हमेशा मुझे याद रहेगा।

## जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार उरई का किया मासिक भ्रमण

**उरई(जालौन)।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार अध्यक्ष/ जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव ने आज जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्याओं को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर सचिव/अपर जिला जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव सरन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे। निरीक्षण में जिला जज ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो।

# पटाखों से दीपावली की बढ़ जाती हैं खुशियां : गोप

## श्री गोप ने कहा कि पटाखा व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों के लिए दीपावली का पर्व बहुत महत्वपूर्ण



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पटाखों के साथ दीपावली की खुशियां दोगुनी हो जाती हैं रंग-बिरंगे पटाखे आसमान को भी प्रकाशमान कर देते हैं उक्त बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्वक कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने दीपावली के पर्व पर व्यापारी नेता राजीव गुप्ता बब्बी के संयोजन में हर वर्ष लगने वाली बड़ेल नहर स्थित पटाखा बाजार का बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर शुभारंभ करने के उपरांत पटाखा व्यवसाइयों से मुलाकात कर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कही। श्री गोप ने कहा कि पटाखा व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों के लिए दीपावली का पर्व बहुत महत्वपूर्ण होता हैं इस त्यौहार पर होने वाली खरीदारी से इन सबकी बहुत सी आशाएं जुड़ी होती है।

इस मौके पर पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, कोऑपरेटिव बैंक पूर्व अध्यक्ष धीरेंद्र वर्मा, युवा सपा नेता अविरल सिंह, जिला उपाध्यक्ष नसीम कीर्ति, व्यापारी नेता राजीव गुप्ता बब्बी, सपा जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, हसमत अली सही तमाम व्यापारी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे बाजार संयोजक बब्बी गुप्ता ने साथियों के साथ अतिथियों को मिठाई पटाखे भेंट कर सम्मानित किया।



## दो बाइक सवार टकराये, महिला सहित युवक घायल

**जैदपुर,बाराबंकी।** कस्बा स्थित हिन्दू मुस्लिम एकता द्वार के पास आमने सामने से दो बाइक की हुई भिंडत मे महिला सहित युवक चोटिल हो गया। जिन्हे जैदपुर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सफदरगंज जैदपुर मार्ग स्थित हिंदू मुस्लिम एकता द्वार के पास का है।जहां पर बुधवार करीब 10 बजे सफदरगंज से ज़ैदपुर की ओर बाइक से आ रहे मोहम्मदपुर निवासी चंदी सिंह प्रभाकर पुत्र बालक राम को सामने से आ रहे दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया।वही प्रभाकर के साथ बैठी एक महिला सहित दोनो सड़क पर गिर गये जिन्हे काफी चोटें आईं।वही दूसरी बाइक सवार बाइक लेकर फरार होने मे सफल हो गया। जबकि स्थानीय लोगो द्वारा घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया।जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरो ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जहां पर उनका उपचार हो रहा हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बाराबंकी-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शहाबपुर टोल प्लाजा के निकट हुए सड़क हादसे मे बाईक सवार दो लोगो की जिला अस्पताल मे मौत हो गयी तथा कार एव पिकप मे सवार अन्य लोग आंशिक रूप से घायल हो गये पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के शहाबपुर टोल प्लाजा के निकट पहले से खड़ी मारुती कार नंबर यूपी 32 जी टी 7814 मे बाराबंकी की ओर से तेज रफ्तार मे आ रही पिकप नंबर यूपी 32 एक्स एन 2524 ने टककर मारते हुए आगे जा रही बाईक नंबर यूपी 41 वी 1789 पर सवार राम किशोर मिश्रा पुत्र श्रीराम मिश्रा निवासी ग्राम करसाकला थाना रामनगर व अवधेश कुमार मिश्रा पुत्र राम पदार मिश्रा निवासी ग्राम मँझौनी थाना रामनगर को बुरी तरह रोंद दिया जिससे दोनो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मसौली पुलिस ने आनन फानन मे घायलों को एम्बूलैंस से जिला अस्पताल मे पहुंचाया जहां पर दोनो बाईक सवार घायलों की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही जानकारी मिली है कि कार एव पिकप मे सवार लोग भी आंशिक रूप से घायल हो गये है। पुलिस ने तीनो वाहनो को कब्जे मे ले लिया है।

## नायब तहसीलदार ने गौशाला का निरीक्षण कर दिये निर्देश

**कालपी,जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर वुधवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने कई गौशालाओं का औचक निरीक्षण। इस दौरान परिसर में हरा चारा तथा पानी की उपलब्धता करने के निर्देश दिए। कदौरा विकास खंड के ग्राम चतेला स्थिति गौशाला पहुंची। जहां उन्होंने गौशाला में भूसे तथा चोकर का स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद 191 गौवंशो को अभिलेख से मिलान किया। पीने के पानी की समस्या को दुरस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके पहले नायब तहसीलदार तारा शुक्ला ने गुरु का इटौरा,मटरा,कदौरा आदि गौशालाओं के निरीक्षण के दौरान ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। गौवंशो के लिए हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि जल्द ही गौशाला का पुनः निरीक्षण किया जाएगा।

# पति की मौत का सदमें में पत्नी ने भी दे दी जान

**घटना से पूरे गांव में मातम पसरा**

**जालौन, समृद्धि न्यूज।**

पति की चिता की आग ठीक ढंग से नहीं जल सकी ,तभी पत्नी यह हादसा बर्दाश्त नहीं कर सकी उसने भी पति की वियोग में दम तोड़ा। एक घर से दो अर्थी निकलने से घर तथा गांव में पसरा मातम।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथ में धनतेरस की रात में सुमित कुमार पुत्र कालका प्रसाद दोहरे उम्र 27 वर्ष अपने साथी के साथ बाइक से भेंड गए थे लौटते समय उनको ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसका मंगलवार की शाम 6 से 7 बजे के बीच अंतिम संस्कार किया गया था सभी लोग अंतिम संस्कार करके घर लौटे ही थे तभी उसकी पत्नी रीता उम्र 25 वर्ष कि अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसे आनन फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां पर उसने भी, अपने पति के वियोग में दम तोड़ दिया । एक घर से दो दो अर्थी निकलने से गांव के लोग सन्न रह गए, सुमित के पिता कालका प्रसाद तथा मां कमला देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। दीपावली के समय यह घटना घटने से पूरे गांव में शोक की लहर तथा घर में मातम पसरा हुआ है।



सुमित व रीता का फाइल फोटो

## इकलौता पुत्र था सुमित

कालका प्रसाद एक मजदूर व्यक्ति है उनका इकलौता पुत्र सुमित था जो प्राइवेट कंपनी में काम करता था तथा घर का खर्च चलाता था, सुमित के एक पुत्र रियांश है जो 2 वर्ष का है, जिसे यह भी पता नहीं कि उसके माता-पिता दोनों अब इस दुनिया से चले गए अब इसका सहारा बाबा कालका प्रसाद तथा दादी कमला देवी हैं। कालका प्रसाद भी काफी समय से बीमार चल रहे हैं।

## छोटी दीपावली पर मृत्यु के देवता यमराज की हुई पूजा लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां ले गए लोग

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।** पांच दिवसीय सनातनी महापर्व दीपावली से ठीक एक दिन पहले मनाई जाने वाली छोटी दीपावली (नरक यम व रूप चतुर्दशी) परंपरागत तरीके से दिन बुधवार को घरों में मनाई गई धनतेरस के अगले दिन और दीपावली से एक दिन पूर्व मनाई जाने वाली छोटी दीपावली के दिन सुबह अभ्यंग स्नान करने के बाद शाम को मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की गई और नरक जाने से मुक्ति मिलने की प्रार्थना कर घरों की दहलीज व छतों आदि स्थानों पर लोगों ने दीपक जलाए हिंदू मान्यता के अनुसार नरक चतुर्दशी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाई जाती है इस दिन तेल के चौदह दीपक जलाए जाते हैं इस दिन लोग पूजन के लिए भगवती लक्ष्मी विघ्नहर्ता गणेश और कुबेर आदि की मूर्तियां भी घर ले जाते हैं सो मूर्तियों की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली।

# बिजली कर्मचारी घर-घर कर रहे बिल की वसूली

**एक-एक घर जाकर बकाया बिल को जमा करने की करते रहे अपील**

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग द्वारा बकाया वसूली को लेकर बिजली कर्मचारी कस्बे के विभिन्न मोहल्ले मे जाकर बकाया वसूली करते नजर आये।

इस मौके पर फुरकान, आसिफ सहित बिजली विभाग के दर्जनो कर्मचारी मौजूद रहे। बताते चलें कि बुधवार को भी उच्चाधिकारियो के अनुसार जैदपुर विद्युत विभाग की टीम द्वारा कस्बे के मोहल्ला रईस कटरा, शाह कटरा,मिल्लत नगर, ब्रहम्नान, बाजार मे बकाया वसूली करते नजर आये। एक-एक घर जाकर बकाया बिल को जमा करने की अपील करते रहे। जहां लोगो के मीटर रिडिंग केबिल को भी चेक किया गया। एसडीओ संदीप सिंह ने बताया कि बकाया वसूली के बहुत प्रेशर है।

इसलिये उपभोक्ताओ से बार बार अपील की जा रही है कि समय पर बिल जमा करते रहें और होने वाली तमाम असुविधाओं से भी बचे रहे। इस अवसर पर जेई मिर्जा परवेज़ हुसैन,वकार मेहंदी, पुल्ली, इरशाद,मो वसी, सुरेन्द्र, रूपेंद्र, महेंद्र, कफील, तरुण पटेल,आदर्श आदि लोगो ने क्षेत्र के तमाम उपभोक्ताओ को दीपो के पर्व दीपावली की बधाई भी दी है।

# नीमा संस्था ने भगवान धन्वंतरि की मनायी गयी जयंती

**कोंच जालौन, समृद्धि न्यूज।**



भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद का जनक माना जाता है और धन्वंतरि ने आयुर्वेद को आठ श्रेणियों में बांटा था यह श्रेणियां शल्य शाल्क्य काया चिकित्सा भूत विद्या कोमार भृत्य अगद तंत्र रसायन तंत्र और बाजीकरण तंत्र हैं भगवान धन्वंतरि के बंशज दिबोदास ने काशी में शल्य चिकित्सा का पहला विद्यालय स्थापित किया था पौराणिक कथा के मुताबिक समुद्र मंथन से भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे इसी लिए इन्हें आरोग्यता प्रदान करने बाला देवता माना जाता है और इन्हें देवताओं के चिकित्सक के रूप में जाना जाता है जिस पर दिन बुधवार को नीमा इकाई द्वारा मुहल्ला पटेल नगर स्थित डॉ बाबूराम आनंद शर्मा अस्पताल में एक कार्यक्रम आयोजित कर विश्व के अच्छे स्वास्थ्य व कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में बरिष्ठ चिकित्सक हरीमोहन गुप्ता ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर तिलक लगाकर व पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया इसके उपरांत उपस्थित समस्त चिकित्सकों ने आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया कार्यक्रम में नीमा अध्यक्ष डॉ आलोक निरंजन ने बोलते हुए कहा कि भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में बारह वां अवतार भगवान धन्वंतरि का है और यह समुद्र मंथन मैं अपने हांथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे और धन्वन्तरि जी की पूजा करने से सभी प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है और उन्होंने आयुर्वेद के अष्टांग का विभाजन किया इसी कड़ी में अन्य चिकित्सकों ने भी अपने अपने विचार रखते हुए भगवान धन्वंतरि जी को याद किया इस अवसर पर डॉ दिनेश उदैनिया डॉ केशव सिंह डॉ प्रह्लाद डॉ प्रदीप डॉ दिलीप अग्रवाल डॉ अनुज पटेल डॉ संजीब निरंजन डॉ अखलेश निरंजन डॉ सुशील तिवारी डॉ हर्ष वर्धन डॉ रविन्द्र अग्रवाल डॉ अजय तिवारी डॉ सतीश शुक्ला सहित तमाम चिकित्सक मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में डॉ आनंद शर्मा ने विश्व के अच्छे स्वास्थ्य एवं कल्याण की कामना करते हुए आये हुए चिकित्सकों का हृदय से आभार किया।

## प्राइवेट खाद माफिया ने खाद वितरण के नाम पर फिर किया खेला

**उरई, जालौन।** किसानों को उचित मूल्य पर आसानी से खाद उपलब्ध कराए जाने की शासन और प्रशासन की मंशा यहां जनपद में तार तार होती हुई नजर आ रही है हालत यह है कि खाद की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की जिन पर जिम्मेदारी है वही इस काली करतूत को अंजाम देने में लगे हुए हैं सूत्रों की माने तो जनपद के कुठौंद निवासी एक खाद्य माफिया ने तो हाल ही में 80000 बोरियों की रैक मैं भी लंबा घोटाला कर अपने मंसूबों को पूरा कर लिया। खाद माफिया द्वारा खाद की बोरियों के वितरण के नाम पर कालाबाजारी लंबे समय से यहां जनपद में देखने को मिल रही है बीते कुछ अरसे के दौरान कस्बा कुठौंद निवासी एक खाद माफिया इस कालाबाजारी के बाजार में सबसे आगे आकर अपनी करतूत को खुलेआम दिखलाकर जिम्मेदारों की कार्य शैली पर सवाल खड़े कर रहा है।

# नगर पंचायत ने कर्मचारियों को दीवाली पर बांटे उपहार

## चेयरमैन बोले, सभी लोग दीपावली का त्योहार परिवार के साथ मिलजुल कर मनाये

**रामपुरा जालौन, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत रामपुरा में बुधवार को चेयरमैन गायत्री वर्मा ने नगर पंचायत कार्यालय पर कर्मचारियों को दीपावली के त्यौहार के अवसर पर उपहार बांटे।

नगर पंचायत रामपुरा चेयरमैन गायत्री वर्मा ने बुधवार को नगर पंचायत रामपुरा के समस्त कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर मिठाई, कपड़े, पटाखे व दिए वितरण किये। उपहार पाकर नगर पंचायत के कर्मचारियों के चेहरे खिल गये। चेयरमैन गायत्री वर्मा ने कर्मचारियों से कहा कि इस दीपावली के त्यौहार पर सभी लोग अपने परिवार के साथ मिलजुल कर त्यौहार मनाये। उक्त कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा द्वारा किया गया। उक्त मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन गायत्री वर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा, पूर्व चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह व कर्मचारी महेंद्र, रवि, रामलखन, प्रेमा, मालती, ब्रह्मा, फूलन, सुनीता, अर्चना, रामलखन आदि सहित नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।



कर्मचारियों को उपहार बांटती नगर पंचायत अध्यक्ष

# आरटीओ प्रशासन ने त्योहारों पर दिया सुरक्षित परिवहन का संदेश

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सुश्री ऋतु सिंह ने दीपोत्सव,दीपावली व अन्य त्योहारों के दृष्टिगत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी व बाराबंकी को निर्देश देने के साथ ही आम जनमानस से सड़क सुरक्षा के सभी नियमों की अनुपालन करने की हिदायत दी है।उन्होंने कहा कि इन नियमों में पटाखे को जलाते समय सावधानी बरतें एवं सार्वजनिक स्थानों पर पटाखें न जलायें।ड्रिंकिंग ड्राइविंग न करें। पटाखों में ज्वलनशील पदार्थों के साथ साथ बच्चों व बड़ों को सड़क पर पटाखें न जलाने दें क्योंकि इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।वाहनों को फिट कन्डीशन में ही संचालित करें।निजी वाहनों का टैक्सी के रूप में प्रयोग न करें। मालवाहन जैसें ट्रक,डीसीएम, डिलीवली वैन एवं ट्रैक्टर ट्राली इत्यादि में यात्री बैठाकर संचालन न करें,ये जानलेवा हो सकता है। बाइक में मोडिफाइड सैलेन्सर सर्वथा प्रतिबंधित है।ऐसे कार्य करने वाले दुकानदारों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध संबंधित विभागों से कार्रवाई करायें।

# एसपी ने किया आतिशबाजी दुकानों का स्थलीय निरीक्षण

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**



आगामी दीपावली को मद्देनजर रखते हुए एसडीएम, सीओ तथा कोतवाल के साथ पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार द्वारा आतिशबाजी मार्केट का स्थलीय निरीक्षण करके दुकानदारों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। तथा नगर के कई स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा।

विदित हो कि दीपावली, तथा भैया दूज के पर्वो के अवसर पर आतिशबाजी की दुकानें सजती है।तथा खरीदारी भी जोर-जोर से चलती है। कालपी में 2 आतिशबाजी तथा पांच पटाखे की दुकानों के लाइसेंसधारक है। शासन के निर्देश के मुताबिक आतिशबाजी तथा पटाखे की दुकानें रिहायशी तथा व्यवसायिक क्षेत्र से दूर स्थापित कराई जाती है। इस बार मुहल्ला आलमपुर ठक्कर बापा इंटर कालेज में आतिशबाजी की दुकाने स्थापित होगी। इसी को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार,उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, क्राइम इंस्पेक्टर मुहम्मद अशरफ आदि अधिकारियों की टीम के द्वारा आतिशबाजी मार्केट स्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्योहारों के अवसर पर बाजारों में भीड़भाड़ बहुत अधिक रहती है। धनतेरस का त्यौहार कुशलतापूर्वक तथा शांतिपूर्वक निपट गया है उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दिवाली के अवसर पर बाजारों में लगने वाली भीड़भाड़ को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भीड़ भाड़ में छोटे-मोटे अपराध हो जाते हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा पूरी तरीके से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गये है। एसपी ने दुकानदारों को निर्देश दिये हैं कि अपनी अपनी आतिशबाजी की दुकानों में आग बुझाने के संयंत्र के अलावा बालू, पानी की व्यवस्था की जाए तथा अग्निशमन विभाग के नियमों का पूर्णता पालन कराया जाए। नियमों की अनदेखी करने पर सम्बंधित दुकानदार के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पटाखा बाजार के परिसर में अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को तैनात किया गया तथा दमकल वाहन की मौजूदगी रहेगी।

# दो महीने पहले गायब हुए छात्र के मामले में मुकदमा दर्ज

**कालपी जालौन, समृद्धि न्यूज।**

दो महीने पहले स्कूल में पढ़ने गए कक्षा 12 के छात्र के घर वापिस न लौटने पर पीड़ित पिता के द्वारा कालपी कोतवाली में सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की विवेचना करने में जुट गई हैं। उक्त मामले को लेकर वादी जगराम पाल पुत्र जुगराज पाल निवासी ग्राम लमसर ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी का पुत्र राजकुमार पाल निकटवर्ती ग्राम काशीखेड़ा स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 12 में पढ़ता था, रोज़ की तरफ वह विद्यालय गया हुआ था लेकिन 30-8-24 को सुबह 11 बजे पढ़ने विद्यालय गया हुआ था। शाम तक जब वह वापिस घर नही पहुँचा तो स्कूल जाकर पता लगाया, तो शिक्षकों ने बताया कि वह स्कूल से छुट्टी मांगकर डाकखाना कालपी से पैसे निकालने की बात कहकर चला गया था। उन्होंने बताया कि राजकुमार पाल के पास बैंक की पासबुक भी थी। परिजनों ने कई जगह उसका पता लगाया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इतना समय गुजर जाने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने उक्त प्रकरण को गम्भीरता से लेकर सुंसगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

# दीपावली पर बाजार में उमड़े खरीददार, सजी दुकानें

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली के दिन सुबह से नगर सहित ग्रामीणांचलों से आये लोगों ने बाजार में गणेश लक्ष्मी की मूर्तियों के साथ दीवाली की वस्तुएं आदि की जमकर खरीददारी की। वही महंगाई की मार का लोगों पर कोई खासा असर देखने को नहीं मिला। इतना जरूर था कि लोगों ने अधिक मंहगी वस्तुओं की मात्रा आवश्कतानुसार ही रखी। वही त्योहार पर महिलाओं पुरूषों की भीड़ से कई बार नगर में जाम की स्थित कई बार बनी और यातायात बाधित होता रहा। उधर पुलिस प्रशासन ने भी चाक चौबंद व्यवस्था को मददेनजर रखते हुए चप्पे चप्पे पर नजर बनाए रखी।

**▸ मंहगाई के बाद भी दीवाली पर हो रही जमकर खरीददारियां**

बुधवार को दीवापली त्योहार को लेकर नगर में सजी दुकानों पर ग्राहकों का मेला लगा रहा और नगर सहित ग्रामों से आए महिला पुरूषों ने जमकर खरीददारी की। जिससे बाजार में सजी मूर्तियों की दुकानों पर गणेश लक्ष्मी के साथ धन कुबेर आदि की प्रतिमाओं की बिक्री जोरों पर हुई। तो वही दीप पर्व पर दीपक जलाने के लिए लोगों ने मिटटी के दीप भी खरीदे। उधर मिठाइयों के साथ साथ त्योहार को रीति रिवाज व परम्पराओं से जोड़ते हुए लोगों ने खील खिलौने भी खरीदे और गणपति को पसन्द लडडू भी ले जाना नही भूले। सर्राफे की दुकानों पर पूजन के लिए धातु के बने गणेश लक्ष्मी के सिक्के भी खूब बिके। सामर्थ के अनुसार लोगों ने कही सोने-चॉदी के सिक्के व गणेश लक्ष्मी की प्रतिमाएं खरीदी। तो कही लोगों ने मिट्टी के गणेश लक्ष्मी की प्रतिमाओं से ही काम चलाया। उधर महगाई की मार और त्योहार का बाजार लोगों के गले तो उतरा लेकिन महंगाई के चलते बाजार में आए लोगों ने त्योहार से सम्बधी वस्तुओं की खरीददारी भी की। लेकिन मंहगी वस्तुओं को हाथ सिकोड़ते हुए आवश्यकतानुसार ही खरीदा। उधर बाजार में भारी संख्या में आई भीड़ और सडकों तक लगी दुकानों के कारण नगर के मुख्य मार्ग सहित अधिकांश मार्गो पर कई बार जाम की स्थित उत्पन्न हुई और भीड़ भाड़ व अतिक्रमण कर चुकी दुकानों के कारण जाम में फंसे वाहनों को कई घण्टों तक परेशानी का सामना करना पडा और कई बार यातायात बाधित हुआ।



गणेश लक्ष्मी व सजावट के सामान की खरीद करते लोग।



खील खिलौनों की खरीद करती महिलाएं।

# आईजी कानपुर ने सर्राफा मार्केट का किया निरीक्षण

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

**▸ सर्राफा मार्केट में पूरे दिन लगी रही लोगों की भीड़**

कस्बे के सर्राफा मार्केट में दीपावली के पावन पर्व पर खरीददारी को लेकर लोगों की अच्छी खासी भीड़ बनी रही है। भीड़भाड़ को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने पूरी गली में पुलिस बल तैनात कर दिया था। देर शाम आईजी कानपुर ने भी कस्बे के सर्राफा मार्केट का निरीक्षण कर सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

दीपावली पर्व पर सोने-चांदी के आभूषणों को खरीदने को लेकर लोगों में एक अलग की उत्साह दिखाई पड़ता है। जिस कारण धनतेरस से लेकर दीपावली पर्व के दिन तक कस्बे के सर्राफा मार्केट में लोगों की भीड़ बनी रहती है। जिस कारण लुटेरे व चोर भी सक्रिय हो जाते है। विगत कई वर्षों में कि छुटपुट घटनाएं भी हुई थी। जिसको लेकर इस बार कोतवाली पुलिस काफी सक्रिय रखी।

एसपी के आदेश पर सार्राफा मार्केट वाली गली में चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात थी। वहीं मंगलवार की देर आईजी कानपुर ने एसपी, एएसपी के साथ कस्बे के गांधी चौक चौराहे पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सरार्फा व्यापारियों से भी वार्ता की। उनको सुरक्षा का अहसास दिलाते हुए 24 घण्टे दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने के निर्देश दिए।

# मां अन्नपूर्णा मंदिर के निकट लगा पटाखा बाजार

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

**▸ पिछले वर्ष डीएन कॉलेज के में लगी थी आतिशबाजी मार्केट**

दीपावली के पर्व को लेकर सिद्धपीठ मां अन्नपूर्णा मंदिर के सामने स्थित महुआ बाग में इस बार पटाखा बाजार लगाया गया है। बुधवार को सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें सजा ली है। इसी बाजार से पटाखे की बिक्री होगी। पिछले बर्ष यह बाजार डीएन इंटर कॉलेज के छात्रावास मैदान में लगाया गया था। इस बर्ष विरोध होने के कारण पटाखा बाजार को स्थानान्तरित कर दिया गया। डीएन इंटर कॉलेज के छात्रावास मैदान में पिछले दस बर्षों से पटाखा बाजार लगता चला आ रहा है। इस मैदान के निकट काफी घनी आबादी भी है। जिस बजह से आसपास के लोगों ने पटाखा बाजार लगाने को लेकर विरोध जताया था। तहसील समाधान दिवस के दौरान ज्ञापन भी दिया था। जिस पर जिला प्रशासन ने इस बर्ष पटाखा बाजार को छात्रावास मैदान से करीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर के निकट खाली पड़े महुआ बाग में लगाने के आदेश दिए थे। जिसके बाद सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानें छात्रावास से हटाकर महुआ बाग में शिफ्ट कर दी है। बुधवार को आतिशबाजी खरीदने के लिए आसपास के सैकड़ो लोग बाजार में पहुंचे। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की खरीद की।

# पटाखों के धुएं से अस्थमा के मरीज रहें दूरः डॉ. आनंद

**▸ बोले लापरवाही से सेहत को पहुँच सकता है, नुकसान**
**▸ खुली जगह में फोड़ने से धुआं आसमान में बिखर जाता है। बंद जगह में फोड़ने से धुआं आसपास जमा हो जाता है**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के गुगरापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आनंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवाली पर्व पर पटाखा फोड़ते समय सावधानी बरतनी जरूरी है। लापरवाही से सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। पटाखे का पैकेट खोलने और पटाखे फोड़ने के तुरंत बाद कुछ न खाएं। पहले अच्छे से हाथ व मुंह धो लें। इसके बाद मिठाई खाएं।

डॉ आंनद कुमार ने बताया कि अस्थमा के मरीज, हृदय रोगियों को दिवाली के पटाखों से दूर रहना चाहिए। धुआं से दूर रहना उनके लिए बहुत जरूरी है। दिवाली पर चारों तरफ पटाखें फोड़े जाते हैं। इससे निकलने वाला धुंआ त्वचा आंख की पुतली, श्वास के माध्यम से शरीर के अंदर प्रवेश कर जाता है। इससे मरीजों को नुकसान हो सकता है। वहीं हृदय रोगी के मरीजों को कान के अंदर रुई डाल लें। पटाखें की आवाज हृदय को प्रभावित करती है। जहां ज्यादा पटाखा फोड़े जा रहे हों। उस स्थान से दूर रहना चाहिए। कई बार बच्चें पटाखा फोड़ते-फोड़ते जो भी मिल जाता है। उसे खा लेते हैं। ऐसे में इसके चलते तबीयत खराब होने की संभावना रहती है। पटाखें को खुले जगह पर फोड़ना चाहिए। घर के अंदर आंगन में भी न फोड़ें।

खुली जगह में फोड़ने से धुआं आसमान में बिखर जाता है। बंद जगह में फोड़ने से धुआं आसपास जमा हो जाता है। हवा के बहाव को ध्यान में रखकर पटाखा फोड़े। जमीन पर रखकर राकेट न जलाएं। उन्होंने बताया कि अस्थमा मरीज धुएं से सावधान रहे। पटाखे का धुआं अस्थमा मरीजों के लिए बहुत खतरनाक हो सकता है। सामान्य व्यक्ति पर भी बुरा असर पड़ता है। इससे अस्थमा के मरीजों की तबीयत बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। धुआं के कारण फेफड़ा सिकुड़ सकता है। ऐसे मरीजों को दिवाली के धुआं से बचना बहुत जरूरी है। इससे शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।



जानकारी देते एमओआईसी डॉ आनंद कुमार

# ग्राम प्रधान व मजदूरों से की अभद्रता, रोका निर्माण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम समाज की भूमि पर हो रहे नाली निर्माण को ग्रामीणों ने रूकवा दिया और मजदूरों व ग्राम प्रधान से गाली गलौज कर अभ्रदता की। विरोध करने मारपीट की और धमकी दी। ग्राम प्रधान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सौंसरापुर निवासी ग्राम प्रधान इफ्तिखार पुत्र मुख्तियार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह 29 अक्टूबर की शाम लगभग 03 बजे ग्राम रसूलपुर में ग्राम समाज की भूमि पर नाली का निर्माण करा रहा था। तभी ग्राम रसूलपुर निवासी कलाम मोहम्मद, फैजान मोहम्मद, पैगाम मोहम्मद आए और खेत के सामने नाली का निर्माण रूकवा दिया। मजदूरों से गाली गलौज कर धमकी दी। प्रधान ने ग्रामीणों को बताया कि नाली का निर्माण ग्राम समाज की भूमि पर हो रहा है। तो लोगों ने ग्राम प्रधान से भी गाली गलौज की और लात घूसों से मारपीट कर घायल कर धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

**ग्राम प्रधान से ग्रामीणों के विरूद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट**

# सफाई व प्रकाश व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

**दीपावली पर पंचायत कर्मियों को बांटी मिठाई दी बधाई**



पंचायत कर्मी को मिठाई देते चेयरमैन मोहसिन उर्फजानू।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत तालग्राम में बुधवार को दीपावली पर्व के चलते चेयरमैन मोहसिन खान (जानू) व अधिशासी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी ने सभी कर्मियों के साथ बैठक की और नगर की सफाई व प्रकाश व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए। कहा कि पंचायत कर्मी दीपावली के पर्व को लेकर सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। जलापूर्ति को समय से दें। प्रकाश व्यवस्था के लिए सभी स्ट्रीट लाइटों का संचालन करें। दीपावली पर्व पर नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़ेगा।

शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद चेयरमैन व ईओ ने वरिष्ठ रुपया दीपक सविता, नितेश सिंह, गोकरन, हिमांशु त्रिपाठी, सर्वेश कुमार, आमिर अंसारी, रोहित, सफाई नायक संतराम सहित आदि कर्मचारियों को मिठाई वितरित कर दीपावली की बधाई दी।

# सेवानिवृत होने पर दी यादगार विदाई

**▸ समिति के अध्यक्षों ने फूलमालाएं पहनाकर व उपहार देकर दी गयी विदाई**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर की दक्षिणी सहकारी समिति में वरिष्ठ आंकिक के सेवानिवृत होने पर समिति के अध्यक्षों, सचिवों व कर्मियों ने फूलमालाएं पहनाकर व गीता भेंट कर यादगार विदाई दी। बुधवार को नगर के मुहल्ला रामगंज स्थित दक्षिणी सहकारी समिति में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सेवानिवृत वरिष्ठ आंकिक कृष्ण चंद्र बाजपेई को यादगार विदाई दी गई। समिति के अध्यक्ष निर्मल चतुर्वेदी व क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी ने फूलमालाएं पहनाकर व गीता भेंट कर यादगार विदाई दी और उनके सेवाकाल के दौरान किए गए कार्यो की सराहना की।

इसी प्रकार सचिव गीतेश मोहन दुबे, रामनरेश दुबे, भारत बहादुर सिंह, अशोक वर्मा, ध्रुवसिंह, संतोष नत्थू सिंह, संतोष दुबे, अखिलेश दुबे, आदर्श चतुर्वेदी, संजीव श्रीवास्तव आदि ने भी फूलमालाएं पहनाकर व उपहार देकर विदाई दी।



विदाई के दौरान गीता भेंट करते समितियों के अध्यक्ष।

# डीएम ने खुद काटी फसल धान की गुणवत्ता चेक कराई

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में डीएम का एक वीडियो सामने आया है, जिसने वह दरांती से धान की फसल काटते नजर आ रहे हैं। दरअसल डीएम किसान द्वारा लगाई गई फसलों की गुणवत्ता चेक करने निकले थे। इस दौरान उन्होंने खुद ही क्रॉप कटिंग शुरू कर दी। उत्पादन के आंकलन के लिए शासन की ओर से कराई जानी वाली क्रॉप कटिंग में डीएम एमपी सिंह ने भदैचा गांव में स्वयं फसल की कटिंग की। धान की बाली से चावल की गुणवत्ता को भी परखा। क्रॉप कटिंग की प्रक्रिया में सदर तहसील के भदैचा गांव में राजस्व टीम की ओर से कराई जा रही क्रॉप कटिंग को देखा। क्रॉप कटिंग के चयनित खेत में 10 मीटर के संबाहु त्रिभुज में फसल को चिह्नित कर कटाई की गई। जिलाधिकारी ने चिह्नित स्थान पर स्वयं भी अपने हाथों से कुछ धान की कटाई की। किसान मुलायम और बटाईदार हरिश्चंद्र और अन्य श्रमिकों व किसानों से डीएम ने वार्ता की। धान की खेती के संबंध में किसानों के अनुभव को जाना। चिह्नित क्षेत्र की कटाई के बाद 70 क्विंटल प्रति हेक्टेयर धान की उपज का आकलन किया। सदर तहसीलदार सचिंद्र शुक्ला, अपर सांख्यिकी अधिकारी अभय वर्मा सहित राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

### गैराज में खड़ी कार बनी आग का गोला,घनी आबादी के बीच बड़ा हादसा होने से टला

**हरदोई।** जिले के सराय थोक पूर्वी मोहल्ले में बुधवार को एक गैराज में खड़ी कार आग का गोला बन गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। जब लोगों ने गैराज से तेज धुआं उठता देखा तो हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार, मोहल्ले में रहने वाले शाहिद के रिश्तेदार मोहम्मद इलियास अपनी कार लेकर लखीमपुर से आए थे। इस कार को तारागढ़ निवासी व्यक्ति के गैराज में खड़ा किया गया था। अचानक, अज्ञात कारणों से कार में आग लग गई और कुछ ही समय में यह आग का गोला बन गई। अफरा-तफरी के इस माहौल में स्थानीय निवासी उस्मान ने हिम्मत दिखाई।

# दलित युवक की सरेआम पिटाई वीडियो के बाद खुली पोल

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के टड़ियावां थाना क्षेत्र में एक दलित युवक की सरेराह पिटाई का मामला सामने आया है, जिसने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित युवक रिश्तेदारी में आया था, जब कुछ दबंगों ने उसे सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर बेल्टों से मारा। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस पर मामले को दबाने के आरोप लगे हैं। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि युवक को बेरहमी से पीटा जा रहा है, लेकिन पुलिस ने पहले इसे मात्र ष्कहासुनीष् कहकर मामला दबाने की कोशिश की। अब वीडियो सामने आने के बाद घटना की सच्चाई उजागर हो गई है, जिससे पुलिस की निष्पक्ष कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, यह घटना टड़ियावां के शराब ठेके के पास हुई, जहां पीड़ित युवक वेदप्रकाश, जो बघौली के अहमदपुर का रहने वाला है, अपने रिश्तेदारों से मिलने आया था। घटना के समय उसे कुछ लोगों ने न सिर्फगाली-गलौज और मारपीट की, बल्कि उसके 20,000 रुपये भी छीन लिए। पीड़ित के अनुसार, उसे बचाने आए कोटेदार और अन्य लोगों को भी पीटा गया।

# बुराई को त्यागने का संदेश देता है दीपावली पर्व

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम मिश्रापुरर स्थित चौधरी जयवीर सिंह ग्रुप आफइंस्टीट्यूशन में बुधवार को दीपावली पर्व के चलते रंगोली व दीपोत्सव सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कलाकृतियों व रंगों से सुंदर रंगोली बनाई और उन पर दीपों को सजाया। इसके बाद प्रबंधक के द्वारा मिष्ठान वितरित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने दीपावली पर्व को लेकर रंगोली व पोस्ट बनाएं। जिसमें दीपावली पर्व को कई प्रेरक स्लोगन व बधाई संदेश लिखे गए। प्रबंधक प्रशांत सिंह ने सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को दीपावली की बधाई देकर मिष्ठान वितरित किया। प्रधानाचार्य राहुल सिंह भदौरिया ने कहा कि दीपावली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। इसलिए सभी लोग अपने मन व विचारों में बैठी बुराई का त्याग कर अच्छाई को धारण करें। इस दौरान मुख्य व्यवस्थापक आलोक यादव, राजेंद्र सिंह, अगम कुमार दुबे, संजीव मोहन शर्मा, सचिन राजपूत, रवि कुमार, संगम कुमार, अजय कुमार, दिनेश चंद्र, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

**रंगोली सजाकर विद्यालय में धूमधाम से मनाई दीपावली**



रंगोली का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

## खबरें एक नजर में

### बिजली विभाग के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

**प्रतापगढ़।** जनपद के कुंडा थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में आज ग्रामीणों ने बिजली विभाग के नोडल अधिकारी रामकरण के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्यक्त किया। आरोप है कि एक वर्ष पहले नोडल अधिकारी ने बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर उनसे ढाई से तीन हजार रुपए वसूले थे, लेकिन आज तक कनेक्शन नहीं मिला। इसके साथ ही, विभाग के कर्मियों ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। गुस्साए ग्रामीणों ने आज चौराहे पर नोडल अधिकारी को पकड़कर हंगामा किया। उन्होंने अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ नारेबाजी की और अपनी समस्याओं को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम प्रधान अरुण कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने कहा कि एक साल बीत गया, न तो कनेक्शन मिला और न ही हमारा पैसा वापस किया गया। अब हम क्या करें? इस मामले पर अधिशासी अभियंता कुण्डा से बात की गई, जिन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग ने ऑनलाइन कनेक्शन देने की व्यवस्था बनाई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी कर्मचारी ने ग्रामीणों से पैसे लिए हैं।

### अखिलेश ने राजेश्वरी देवी के बेटे को दी श्रद्धांजलि

**हरदोई।** समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आज हरदोई पहुंचे। हालांकि, अपने निर्धारित कार्यक्रम से लगभग ढाई घंटे की देरी से पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले पूर्व विधायक राजेश्वरी देवी के घर का रुख किया। राजेश्वरी देवी के बेटे की आकस्मिक मौत के बाद अखिलेश यादव ने उनके परिवार को सांत्वना देने का कार्य किया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का यह दौरा यहीं नहीं रुका। वह यहां से आधे घंटे बाद पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री राजपाल कश्यप के मझरेहटा स्थित आवास पर पहुंचेंगे। राजपाल कश्यप की माताजी का निधन 20 अक्टूबर को हुआ था, जिसके बाद आज उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा और तेरहवीं का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### तीन लाख की चोरी में 36 लोगों को उठाया

**उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के गांधी नगर क्षेत्र में बीस अक्टूबर की सुबह एक महिला के गले से चेन स्नेचिंग की घटना और अगले दिन राजधानी मार्ग पर एक हार्डवेयर दुकान में तीन लाख की चोरी ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं, जिससे लोगों में खौफऔर नाराजगी बढ़ती जा रही है। श्रीनगर निवासी आयकर अधीक्षक राजाराम मार्या की बहू सुनीता मार्या, अपनी ननद किरन के साथ मंदिर से लौट रही थीं। तभी बाइक सवार लुटेरे आए और सुबह के उजाले में सरेआम चेन झपटकर फरार हो गए। लोग हक्का-बक्का रह गए।

# वाहनों की हुई चेकिंग संदिग्ध लोगों से पुलिस ने की पूछताछ

**प्रतापगढ़, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में कंधई थाना क्षेत्र में पुलिस ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बैंक परिसरों के सुरक्षा उपकरणों और वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों की जांच की गई। पुलिस ने बैंक अधिकारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए, जिससे चोरी और लूटपाट जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए देल्हूपुर थाने में एंटी-रोमियो अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान महिलाओं को साइबर और व्यक्तिगत सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। पुलिस ने हेल्पलाइन नंबरों - 1090, 112, 181, 1098, 1076, और 1930 के बारे में जागरूकता फैलाते हुए महिलाओं को आत्मरक्षा के उपायों से परिचित कराया। इस पहल का मकसद महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक और सशक्त बनाना है। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निपटारा त्वरित और प्रभावी तरीके से किया जाए।


# कार्यालय नगर पंचायत समधन जनपद, कन्नौज

पत्रांक-184/न.पं.स.-ई.नि.सू.(2024-25) दिनांक- 30.10.2024

## ई-निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 15 वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत नगर पंचायत समधन की सीमा के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाइन ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | नगर पंचायत/NP Stage | ठेकेदार /Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Tender Release | 30.10.2024 | 03.11.2024 02:00 PM | |
| | | Tender Download | 03.11.2024 02:00 PM | 25.11.2024 02:00 PM |
| | | Bid Submission | 03.11.2024 02:00 PM | 25.11.2024 02:00 PM |
| | Close for Bid | - | - | 25.11.2024 02:00 PM |
| | Bid Opening | | 25.11.2024 03:00 PM | |

निविदा विज्ञप्ति,निविदा प्रपत्र, तथा विस्तृत नियम निर्देश एवं शर्तें राज्य सरकार के ई टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। बिड ई-टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर ऑनलाइन सबमिट की जा सकेगी। ई-निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उर्पयुक्त ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड किये गये निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**कन्नौज।**


दीपावली
व भाईदूज की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
महेन्द्र सिंह कटियार
भाजपा नेता
कुलदीप कटियार
ग्राम प्रधान बाग लकूला विकास खण्ड बढ़पुर
गुरदीप कटियार
एडवोकेट
यशोदा कोल्ड स्टोरेज बाग लकूला, फर्रूखाबाद
महेन्द्र सिंह ईंट भट्ठा मसेनी, फर्रूखाबाद


दीपावली
व भाईदूज की सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
अजय गंगवार, सन्नू
अध्यक्ष
शीतग्रह संघ, फर्रूखाबाद
ए.के. कोल्ड स्टोरेज प्रा.लि., मंझना, फर्रूखाबाद
चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज, पचपुखरा रोड, फर्रूखाबाद


दीपावली
व गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
विजय शाक्य
(प्रधान पति)
एम.ए., बीएड, डी.एल.एड.
गीता शाक्य
प्रधान
एम.ए., डी.एल.एड.
कैप्टन रामपाल
फौजी प्रधान प्रतिनिधि
सतेन्द्र कुमार गुप्ता
समाजसेवी, कायमगंज
डॉ. अमित कुमार
डॉ. अमरेश कुमार
सीएससी कायमगंज, फर्रूखाबाद


दीपावली व गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
दि किसान सहकारी चीनी मिल
कायमगंज, फर्रूखाबाद
के नवनिर्वाचित सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचित होने पर
हार्दिक शुभकामनाएं
मा.शिव महेश दुबे
जिला प्रभारी
भारतीय जनता पार्टी
मा.प्रकाश पाल
क्षेत्रीय अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी
अमरदीप दीक्षित
(नामित डायरेक्टर)
ओमकार सिंह गंगवार
(डायरेक्टर)
रानी देवी गंगवार
(डायरेक्टर)
सुदामा देवी राजपूत
(डायरेक्टर)
शीलेश कुमार तिवारी
(डायरेक्टर)
सुमनलता चौहान
(डायरेक्टर)
सावन कुमार
उर्फ जय गंगवार
नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष/उपसभापति
दि किसान सहकारी चीनी मिल, कायमगंज
मनोज गंगवार
मण्डल अध्यक्ष
अच्युत त्रिपाठी
(डायरेक्टर)
रामकिशोर राजपूत
(डायरेक्टर)
श्रीकृष्ण शाक्य उर्फ लालू
(डायरेक्टर)
सुरेश चंद्र गंगवार
(डायरेक्टर)
रोहित जाटव
(डायरेक्टर)

# ट्रैक्टर से कुचलकर बालिका की मौत, मां बेहाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर से कुचलकर बालिका अक्षिता की मौत हो गयी। जानकारी होने पर मां रोते-रोते बेहोश हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम आकलगंज निवासी पीयूष राजपूत पत्नी किरन, बेटा सिद्धार्थ एवं 9 माह की बेटी अक्षिता के साथ खरीदारी करने बाइक से नगर फर्रुखाबाद गए थे। वह खरीदारी करके घर वापस जा रहे थे। जब वह थाना मऊदरवाजा के सामने से गुजर रहे थे। उसी समय सामने से ट्रैक्टर को देखकर पीयूष की बाइक लड़खड़ा गई। उसी दौरान किरन की गोद से बेटी अक्षिता सड़क पर जा गिरी। जिससे ट्रैक्टर ट्राली का पिछला पहिया अक्षिता के ऊपर से निकल गया। पुलिस ने कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम सरह निवासी ड्राइवर शिवम को पकड़ लिया। दुर्घटना होते ही पीड़ित दंपत्ति गंभीर रूप से घायल बेटी को लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत के गम में किरन बेहाल हो गई। बीबीगंज चौकी इंचार्ज नितिन यादव ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### मारपीट में दो पर मुकदमा

**कंपिल।** क्षेत्र के गांव महमूदपुर पट्टी सपाह रामपाल सिंह ने दी तहरीर में बताया कि पुत्री संतोषी का पड़ोसी युवती शशि से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मारपीट के बाद दोनों में ईंट पत्थर चलने लगे। संतोषी भागकर घर में घुस गई। उसी समय सुमित व अमित ने रामपाल के साथ मारपीट कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सुमित व अमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

# डीएम व एसपी ने जेल का किया निरीक्षण

- बंदियों के लिये हालचाल, सुविधाओं के बारे में भी की जानकारी
- जेल उत्पाद बिक्री केंद्र का भी किया निरीक्षण



डीएम व पुलिस अधीक्षक को दिये भेंट करते जेल अधीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों न सर्व प्रथम जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल चाल जाना। बीमार बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं नाश्ता, खाना एवं दवा के बारे में जानकारी की गई। चिकित्साधिकारी डॉ0 विजय अनुरागी ने बंदियों की बीमारी के बारे में बताया तथा दिए जा रहे उपचार की जानकारी दी गई।

बैरकों में बंदियों की परेड का निरीक्षण किया। बैरक संख्या 07 की बंदी सोनी राठौर ने बताया कि उसे 07 वर्ष की सजा हुई है। उसके प्राइवेट अधिवक्ता ने अपील उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दाखिल की है, परंतु अब उसके अधिवक्ता द्वारा धनाभाव के कारण यथोचित पैरवी नहीं की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा सरकारी अधिवक्ता दिलवाने हेतु कार्यवाही के निर्देश दिए। अन्य किसी भी बंदी ने कोई शिकायत नहीं की। बेकरी में बन रहे बैकरी उत्पाद एवं किचन में बन रहे भोजन का भी निरीक्षण किया। बंदी उत्पाद बिक्री केंद्र का भी निरीक्षण किया। महिला बंदियों द्वारा निर्मित डिजाइनर दिए, मोमबती, जेल बैकरी के बिस्कुटों से निर्मित दीपावली गिफ्ट हेम्परों की तारीफ की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक एवं उनके स्टाफ द्वारा जेल उत्पाद बिक्री केंद्र से दीपावली गिफ्ट हेम्परों की खरीददारी भी की गई। निरीक्षणों उपरांत जेल की साफ-सफाई, दीपावली पर हो रही सजावट पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। इस दौरान कई बंदियों ने जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

# दीपावली पर सेंट पॉल्स ब्राइटन अकेडमी में हुई प्रतियोगितायें

- रंगोली प्रतियोगिता में सेंट ल्यूक हाउस की छात्राओं ने पाया प्रथम स्थान



दीपावली कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दीपावली के शुभ अवसर पर सेंट पॉल्स ब्राइटन अकेडमी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के चारों हाउस के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में सेंट ल्यूक हाउस की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सेंट पीटर हाउस, सेंट जॉन हाउस तृतीय तथा मैथ्यू हाउस चौथे स्थान पर रहा। दिया सजाओ प्रतियोगिता दो वर्गों में संपन्न कराई गई। जिसमें प्रथम वर्ग में कक्षा 9 से 12 तथा द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रथम वर्ग में प्रिया वर्मा ने प्रथम स्थान, वैष्णवी ने द्वितीय स्थान तथा श्रेया चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ग में सौम्या ने प्रथम स्थान वीर प्रताप ने द्वितीय स्थान तथा विनायक द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया तथा विद्यालय में संपन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों का विद्यालय के प्रबंधक तथा प्रधानाचार्य द्वारा उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन बादशाह शेख की देखरेख में संपन्न में हुआ।

### छठ पूजा को लेकर डीएम ने घोषित किया सार्वजनिक अवकाश

**फर्रुखाबाद।** डीएम डॉ0 वी0के0 सिंह ने कहा कि 01 नवंबर दिन शुक्रवार को दीपावली का सार्वजनिक अवकाश इस शर्त के अधीन घोषित किया गया है कि 09 नवंबर शनिवार को शासकीय कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे। कार्यालय आदेश 12.12.2023 के द्वारा 01 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था। अतएव 01.11.2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए उसके स्थान पर 07.11.2024 को छठ पूजा पर्व का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।

# मोहन अग्रवाल ने सैकड़ों गरीबों को बांटी मिठाई



मिठाई का वितरण करते मोहन अग्रवाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजसेवी मोहन अग्रवाल ने हजारों गरीबों को दीपावली पर मिठाई भेंट कर शुभकामनाएं दी। फर्रुखाबाद विकास मंच के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल ने ग्राम हैवतपुर गढ़िया स्थित काशीराम कॉलोनी में अपने पिता स्वर्गीय सुरेश चंद्र अग्रवाल की स्मृति में मिठाई वितरण के कार्यक्रम का आयोजन किया। मोहन अग्रवाल ने कॉलोनी वासियों का आह्वान किया कि वह हर हालत में अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर इस योग्य बनाएं कि वह भविष्य में या तो अधिकारी बने या अच्छे व्यापारी।

आप लोगों को किसी मुसीबत के कारण ही अपने घर को छोड़कर यहां आकर रहना पड़ा। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्ति की किस कॉलोनी में शहर के हर इलाके के हर धर्म व समाज के लोग रहते हैं। उन्होंने सुखमय भविष्य बनाने के लिए मिलजुलकर शांतिपूर्वक रहने की अपील की। सुझाव दिया कि यदि कोई भयभीत करने का प्रयास किया तो उसकी सूचना कॉलोनी की चौकी एवं मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष को दी जाए। मोहन अग्रवाल ने अपने बेटे वासु अग्रवाल को इंगित करते हुए कहा कि भविष्य में वह भी आप लोगों की सेवा करेंगे।

उन्होंने इस काम में सहयोग करने वाले राहुल जैन, समीर जैन, रतन कश्यप आदि टीम के सदस्यों के सहयोग की सराहना की। मऊदरवाजा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि अच्छी एवं सुंदर पहल है। उन्होंने कार्यक्रम को बेहतर बताते हुए दीपावली की शुभकामनाएं दी। वासु अग्रवाल ने कॉलोनीवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए लोगों को ऑर्गेनिक खेती करने का आह्वान करते हुए इस कार्य हेतु सहयोग करने का वादा किया। मोहन अग्रवाल, थानाध्यक्ष बलराज भाटी, वासु अग्रवाल, राहुल जैन आदि ने सैकड़ों कॉलोनीवासियों को मिठाई के डिब्बे भेंट किये। मिठाई लेने के लिए अफरा तफरी मचाने पर पुलिस कर्मियों ने भी मिठाई वितरण में सहयोग किया। कड़ी धूप होने के कारण कॉलोनीवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम में पूर्व सभासद फुरकान अहमद, बॉबी गुप्ता, मदन लाल गुप्ता, कॉलोनी के चौकी इंचार्ज आदि मौजूद रहे।

# विजय फर्नीचर हाउस एण्ड इलेक्ट्रानिक में सभी सामानों का विशाल संग्रह उपलब्ध

- धनतेरस पर खरीददारी करने के लिए ग्राहकों की उमड़ी भारी भीड़
- झालर से लेकर एलईडी बल्ब की ग्राहकों की जमकर खरीदादारी



प्रतिष्ठान पर खरीदादारी करते ग्राहक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विजय फर्नीचर हाउस एवं इलेक्ट्रानिक दुकान में सभी सामानों का विशाल संग्रह उपलब्ध है। जिसमें ग्राहकों की खरीददरी करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। धनतेरस को देखते हुए प्रतिष्ठान देर रात तक खुले रहे और ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही।

दीपावली त्यौहार के मद्देनजर कस्बा के मेन चौराहा पर स्थित यह प्रतिष्ठान अपनी अच्छी गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। इसीलिए उपरोक्त प्रतिष्ठान पर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ती है। धनतेरस पर फर्नीचर तथा झालर, बल्ब खरीदने के लिए बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंचे। ग्राहकों ने अपनी मनपसंद की चीजें खरीदीं। प्रतिष्ठान के मालिक अमित प्रताप सिंह व जय प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राहकों की जो डिमांड होती है, उसी आधार पर वह माल उपलब्ध कराते हैं। साथ ही साथ वह क्वालिटी से कोई समझौता नहीं करते हैं। इसी का नतीजा है कि उनका प्रतिष्ठान आज अच्छे प्रतिष्ठानों में गिना जाता है। दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर वह वैरायटी की वृहद श्रंखला लेकर आये हैं। जिससे ग्राहक उनकी दुकान से बगैर खरीददारी किये वापस न हो। उनके यहां विभिन्न वैरायटी की चीजें उपलब्ध है। जिसके देखकर ग्राहक तुरन्त पसन्द कर लेता है। उनका कहना है कि ग्राहक की संतुष्टि ही हमारा ध्येय है। आज धनतेरस को प्रतिष्ठान पर ग्राहकों की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी और अपनी पसन्द के अनुसार खरीददारी की।

# डॉ0 राजपाल कश्यप के घर पहुंच अखिलेश यादव ने दी श्रद्धांजलि

**बीते दिन माँ का हो गया था देहान्त, जिलाध्यक्ष से की राजनैतिक चर्चा**



अखिलेश यादव से गुफ्तगूं करते जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विगत दिनों समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ0 राजपाल कश्यप की माता का देहांत हो गया था। आज उनके तेरहवीं संस्कार पर उनको श्रद्धांजलि देने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके पैतृक गांव मझरेटा जनपद हरदोई दोपहर लगभग 3.00 बजे पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। वहीं पर उन्होंने फर्रुखाबाद से पहुंचे सपा के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधासभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव, भोजपुर विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, शिवशंकर शर्मा, जनार्दन सिंह आदि से मुलाकात कर राजनैतिक चर्चा की।

# झालर लगा रहे पेंटर की करंट लगने से मौत

- त्यौहार की खुशियां मातम में बदली, मचा कोहराम



रोते बिलखते मृतक के परिजन

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** सजावट के लिए घर पर झालर लगाते समय पेंटर राहुल जाटव की मौत हो गई जिससे परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव हमीरखेड़ा निवासी पेंटर राहुल जाटव 32 वर्ष पुत्र स्व0 यादराम बुधवार सुबह 5 बजे अपने घर पर सजावट के लिए झालर लगा रहा था कि तभी राहुल के किसी तरह बिजली का करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पत्नी रजनी ने राहुल को जमीन पर अचेत पड़ा देखा और परिजनों को आवाज दी। परिजनों ने तार को हटाया और पेंटर राहुल जाटव को जीवित समझकर परिजन उसे सीएचसी मोहम्मदाबाद ले गए। जहां चिकित्सक ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को वापस घर ले आए और घटना की सूचना पुलिस को दी। दारोगा रवि सोलंकी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राहुल जाटव अपने भाई अंशुल व चित्रांशु से बड़ा था। वह मकान की रंगाई पुताई का काम करता था। बुधवार को भी राहुल को काम पर जाना था। जिससे पहले यह घटना घटित हो गई। राहुल अपने पीछे अपने पुत्र अनुभव व पुत्री काव्या एवं पत्नी रजनी तथा माता मीना देवी को बिलखता छोड़ गया। राहुल के पिता की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है।

# जानमाल की धमकी देने व क्रीड़ा स्थल पर कब्जा करने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एसपी के आदेश पर जानमाल की धमकी देने व क्रीड़ा स्थल पर जबरियन कब्जा करने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। क्रिश्चियन इंटर कालेज के प्रबंधक राजेश मसीह निवासी रखा चर्च कम्पाउंड ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में दर्शाया कि 18 अक्टूबर को विद्यालय प्रबंधक ने सूचना दी कि चर्च के पास क्रीड़ा स्थल पर कुछ अराजकतत्व लोहे के एंगल लगाकर कब्जा कर रहे है। सूचना पर मैं व मेरी पत्नी नीतू मसीह जो कि रखा गर्ल्स इंटर कालेज की प्रधानाचार्य है व क्रिश्चियन इंटर कालेज के वरिष्ठ प्रवक्ता डा0 प्रभात कुमार दीक्षित के साथ मौके पर पहुंचा और क्रीड़ा स्थल पर कब्जा करने से मना किया तो डायमण्ड पुत्र इंदियास, रितेश पुत्र डायमण्ड व दो अज्ञात गाली-गलौज करने लगे और मारपीट पर अमादा हो गये। डायमण्ड उर्फ भूरे ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गये। जिन्होंने बचाया। आरोपीगण जानमाल की धमकी देकर भाग गये। एसपी के आदेश पर पुलिस ने उक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में हजारों की चोरी

- पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए दी तहरीर
- चोरी की घटना से आसपास के दुकानदारों में रोष व्याप्त



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गांधीनगर भटपुरा निवासी रितिक पुत्र गिरेंद्र ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़ित की ऑटो पार्ट्स की दुकान भट्टपुरा क्रॉसिंग के पास है। वह कल दिनांक 29.10.2024 को शाम 7.00 बजे दुकान बंद करके घर चला गया।

गुरुवार सुबह 8.30 बजे वह दुकान खोलने के लिए गया, तो वहां जाकर देखा की दुकान के ताले टूटे हुए हैं। दुकान के अंदर गया तो देख की दुकान के अंदर रखा सामान चोरी हो गया। तीन पेटी ऑयल के 90 डिब्बे, टूल बॉक्स, टेबिल आदि सामान चोरी हो गया। जिसकी कीमत करीब 70000 रुपए है। विगत पिछले वर्ष हिमांशु शुक्ला पुत्र दिनेश शुक्ला दुकान मालिक की दुकान से भी चोरी हो गई थी।

जिसका भी चोरी का मुकदमा विगत वर्ष दुकान मालिक द्वारा दर्ज करवाया गया था। आये दिन हो रहीं चोरियों से आसपास के दुकानदारों में भय का वातावरण देखा जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पुलिस गश्त बढ़ायी जाये। जिससे क्षेत्र में हो रहीं चोरी की घटनाओं को रोका जा सके।

# पोल में उतरे करंट से गाय की दर्दनाक मौत



करंट की भेंट चढ़ी गाय व मौजूद लोग

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर 1 अम्बेडकर नगर के मोहल्ला मीरादरवाजा में आरएसएस के पियूष त्रिपाठी के घर के पास लगे स्ट्रीट लाइट के पोल में करंट उतरने से गाय की मौत हो गयी। वहीं लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा लगाये गये पोलों के अंदर तारों को खुला छोड़ देने पर करंट उतर आता है। जिससे कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। गाय की मौत हो जाने पर मोहल्ले के लोगो में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि स्ट्रीट लाइट के पोल के पास दो विद्यालय है। जिसमें सैकड़ों की तादात में छात्र-छात्रायें निकलते है जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग व ठेकेदार की होगी। सुबह मोहल्ले के लोग जब गली से गुजरे तो गाय को पोल के पास मृत अवस्था में देख नगर पंचायत कर्मियों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर नगर पंचायत कर्मचारी वाहन लेकर पहुंचे और गाय को गाड़ी में लादकर ले गए। ठेकेदार की लापवाही के कारण नगर में आये दिन स्ट्रीट लाइट के पोलों में करंट उतरने से कई पशु अपनी जान गवां चुके है, लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा नगर पंचायत कर्मचारियों की लापरवाही के कारण स्ट्रीट लाइट के पोल में करंट उतर रहा है। घटना के संबंध में उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत की जाएगी।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना मऊदरवाजा के क्षेत्र भिडौर निवासी 31 वर्षीय सचिन पुत्र सुरेश अपनी बाइक से शमशाबाद की तरफ जा रहा है। जैसे ही वह चिलसरा के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आ रहे लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजन नहीं पहुंचे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# एसआई अमित ने जरूरतमंदों को बांटी मिठाइयां

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाने के उपनिरीक्षक अमित कुमार ने दरियादिली दिखाते हुए गरीबों के साथ दिवाली का त्योहार मनाने का निर्णय लिया। बुधवार को उन्होंने गरीबों को आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी में सहयोग किया। नगर में स्थित कुछ परिवार जो गरीबी के साए में जूझ रहे है। उनके परिवार को उप निरीक्षक ने दिवाली के त्योहार पर खुशियों का तोहफा दिया। खरीदारी के दौरान उनका आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने गरीब महिलाओं को खील बतासे तथा मिठाइयां खरीदकर दीपावाली पर तोहफा दिया। महिलाओं ने उपनिरीक्षक को दुआएं दी। उप निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि दिवाली का त्यौहार अमीर गरीब मजदूर किसान सभी की नजर में खुशियों का त्यौहार होता है। समाज में सभी लोग हर्षोल्लास के वातावरण में दिवाली का त्यौहार मना सकें।

# बुजुर्ग की जेब में रखे एक लाख रुपये टप्पेबाजों ने किये पार



**कमलगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर दिनारपुरा निवासी इरशाद हुसैन उर्फ मुन्ना पुत्र अयाज हुसैन ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया आज दिनांक 30.10.2024 को समय करीब दिन के 12.30 बजे परचून का सामान खरीद करके रेलवे रोड कमालगंज से अपने घर की ओर पैदल जा रहा था, तभी रेलवे रोड अर्जुन सिंह के घर के सामने दो बाइक सवार मिले और मुझसे कहा मुझे रेलवे क्रासंग का फाटक बता दो और मुझे बाइक पर बिठा लिया और मुझे रेलवे फाटक पर उतार दिया। इसी दौरान शादी के लिए जेब में रखें 1 लाख गायब हो गए। मेरे चिल्लाने पर बाइक सवार जल्दी से वहां से फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत की जांच कर कार्रवाई को कहा।

# हरदुआ क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ




टूर्नामेंट उद्घाटन अवसर पर आयोजकगण व खिलाड़ी आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** हरदुआ क्रिकेट टूर्नानेट का शुभारंभ बुधवार को हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव थे। फाइनल विजेता को 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार तथा उप विजेता को 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजकगण संजीव प्रधान, सूर्या यादव, सोनू यादव, राहुल यादव ने बताया कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभायें निखरकर आती हैं। इसलिए ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने चाहिए। आयोजकों ने जिला प्रशासन से खिलाड़ियों को सुविधायें मुहैया कराने की मांग की है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभायें निखरकर अपना नाम रोशन कर सके। वहीं आयोजकों ने कहा कि मेजर एस.डी.सिंह आयुर्वेद मेडिकल कालेज के चेयरमैन डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव हमारे टूर्नामेंट का आयोजन कराने में काफी सहयोग किया है। जिसके लिए हम उनके शुक्रगुजार हैं। बताते चलें कि डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने एक जनसभा के दौरान कहा था कि उनकी सरकार बनने पर युवाओं के लिए जनपद में स्टेडियम का निर्माण कराया जायेगा। जिससे युवा खेलकर अपने जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकें। डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि हमारे जनपद में खिलाड़ियों को कमी नहीं है, बस उन्हें तरासने की जरुरत है। नियमित अभ्यास की जरुरत है, सुविधाओं की जरुरत है। यदि युवाओं को सारी सुविधायें मिलें, तो यही युवा अपने जनपद व प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकते हैं।


दिवाली व गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
श्री निवास
प्रधान
ग्राम ऊगरपुर, शमशाबाद
दुर्विजय राजपूत
प्रधान
ग्राम नैगंवा, शमशाबाद
पर्वत सिंह
प्रधान
ग्राम शरीफपुर छिछनी, जैतपुर शमशाबाद
हरिदत्त शाक्य
प्रधान
कुआं खेड़ा वजीर आलम खां शमशाबाद
पुष्पांजलि गंगवार
प्रधान
स्वदेश गंगवार प्रधान प्रतिनिधि
रोशनाबाद, शमशाबाद
नर सिंह
प्रधान
ग्राम पसियापुर, शमशाबाद


Happy Diwali
दीपावली व गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज
की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
श्रीमती कृष्णा देवी
पूर्व चेयरमैन, शमशाबाद
विजय गुप्ता
जिला उपाध्यक्ष, भाजपा
पूर्व चेयरमैन
नगर पंचायत शमशाबाद, फर्रुखाबाद


समस्त जनपद वासियों को दीपावली व गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनायें
शुभ दिवाली
Happy Diwali
सुरक्षित दीपावली
गोपाल इंटरप्राइजेज एण्ड सप्लायर
फायर एंड सेफ्टी सिस्टम के आपूर्तिकर्ता
कोल्ड स्टोरेज, मशीन रूम, इलेक्ट्रिक पैनल एण्ड इंजीनियरिंग वर्क के लिए सम्पर्क करें।
अखिलेश कुमार दीक्षित
मो. 8929202184
फायर सिलिंडर पर भारी छूट का लाभ उठाने के लिए हमसे जुड़े
प्राभात कुमार दीक्षित
मो. 8368235662
हेड ऑफिस- नगला नान, शमसाबाद ( फर्रुखाबाद)
ब्रांच ऑफिस- सैंगा एन्क्लेव, गिरिधरपुर रोड, ग्रेटर नोएडा
सत्यम कुमार दीक्षित
मो. 9354514875